**खबर संक्षेप**

## पांचवी-आठवीं बोर्ड परीक्षा शुरू

**जुन्नारदेव** : राज्य शिक्षा केन्द्र के आदेश अनुसार कक्षा पांचवी और आठवीं की परीक्षा प्रारंभ हुई। जिसका आज प्रथम भाषा का पेपर हुआ। परीक्षा का विशाल परीक्षा केंद्र शासकीय कन्या शिक्षा परिसर में नगर के समस्त प्राइवेट स्कूलों के परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा केंद्र बनाया गया। शासकीय कन्या शिक्षा परिसर की प्रिंसिपल सी के सातनकर एवं परीक्षा केंद्र अध्यक्ष संजीव पांडे ने बताया कि इस परीक्षा केंद्र में पांचवी के 256 और कक्षा आठवीं के 309 परीक्षार्थियों की शानदार बैठक व्यवस्था रखी गई हैं। उन्होंने बताया कि पांचवी आठवीं की परीक्षाएं शांतिपूर्ण तरीके से संचालित हो रही है। परीक्षा केंद्र के विशाल स्कूल भवन में परीक्षार्थियों के लिए सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध है। परीक्षा के संबंध में बीआरसी अरविंद डेहरिया ने बताया कि उनकी टीम द्वारा रामपुर घोड़ावाडी सहित अन्य परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया। सभी परीक्षा केन्द्रों में सुचारू परीक्षा संचालित की जा रही है।

## कमलनाथ व नकुलनाथ का होगा छिन्दवाड़ा आगमन

**छिन्दवाड़ा:** मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ का छिन्दवाड़ा आगमन होने जा रहा है। आगमन उपरांत नेताद्वय छिन्दवाड़ा एवं पांढुर्ना जिला कांग्रेस द्वारा आयोजित आयोजनों में सम्मिलित होने के साथ ही ईमलीखेड़ा स्थित सीआईआई स्किल सेन्टर के कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ चार दिवसीय दौरे पर छिन्दवाड़ा आ रहे हैं, जबकि पूर्व सांसद नकुलनाथ तीन दिवसीय दौरे पर छिन्दवाड़ा में रहेंगे। इस दौरान नेताद्वय विभिन्न आयोजनों में उपस्थित होने के साथ ही पांढुर्ना जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित बैठक में भी सम्मिलित होंगे। पूर्व सीएम कार्यालय द्वारा प्रदत्त जानकारी के अनुसार दिनांक 27 फरवरी 2025 को प्रातः 10 बजे माननीय कमलनाथ जी एवं माननीय नकुलनाथ जी का विशेष वायुयान से ईमलीखेड़ा स्थित हवाई पट्टी पर आगमन होगा, तत्पश्चात ईमलीखेड़ा स्थित सीआईआई प्रशिक्षण केन्द्र एवं बजाज सर्विस टेक्निकल एक्सीलेंस प्रोग्राम का शुभारंभ करेंगे।

### ग्रामीणों में बढ़ रहा आक्रोश, ग्राम पंचायत बनी उदासीन, लापरवाह हुए सरपंच-सचिव

# नल जल योजना ठप्प, ग्रामीण हुए नाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिंगोड़ी

अमरवाड़ा विधानसभा की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत सिंगोड़ी में इन दिनो नल जल योजना पूर्ण रूप से ठप्प पड़ी हुई है। सिंगोड़ी की हर वार्ड की जनता पानी के लिए तरस रही है। वहीं सिंगोड़ी की जनता ग्राम पंचायत की कार्यकारिणी से बहुत ही परेशान एवं हताश नजर आ रही है।

हर घर नल जल योजना के अंतर्गत हो रहे नल कनेक्शन कार्य के कारण जहां-तहां पुरानी बिछी हुई पुरानी नल जल योजना वाली पाईप लाईन टूट फूट रही है। जिसे नल जल योजना के तहत ठेकेदार द्वारा की जा रही खुदाई करने के बाद पुरानी पाईप लाईन को जोड़ी भी नहीं जा रही है और जहां-तहां गड्ढे कर आवागमन को बाधित कर रहे है। लापरवाह ठेकेदार जैसे तैसे नालियां पूरकर कच्चा कार्य कर उसे वही छोड़ दें रहे है तो वहां से गाड़ियों का आना-जाना मुश्किल हो रहा है।



इस विषय में जब वार्डवासियों और ग्रामीण जन सवाल उठाते हैं तो ठेकेदार द्वारा कहा जाता है कि जल्द ही सड़क को लेवल कर दिया जाएगा, लेकिन लंबे समय तक अभी इसे लेवल नहीं किया गया है। तो वहीं ग्राम पंचायत के कर्मचारियों के द्वारा टूटी फूटी लाईन को जोड़कर लोगों के घरों तक पानी पहुंचाने में असमर्थ नजर आ रही है। आपको बता दे कि ग्रामीणों में इस समय ग्राम पंचायत पर भारी आक्रोश देखा जा रहा है। परंतु ग्राम पंचायत के काने में जू तक नहीं रेंग रही है और न ही ग्रामीणों की इतनी बड़ी समस्या दिखाई दे रही है।

ग्रामीण बूंद बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। काफी लंबे समय से वार्ड में नल ही नहीं आए है। अभी तो सिर्फ गर्मी की शुरुआत है। आगे चलकर न जाने ग्राम पंचायत लोगो को कैसे पेयजल सप्लाई करवायेगी। हालांकि यह पंचायत अमरवाड़ा विधानसभा की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत कहलाती है किंतु यहां कार्य सिर्फ शून्य है।

लोगो का कहना है कि जब अभी यह हालात है तो न जाने आने वाले दिनों में भीषण गर्मी में जनता का क्या हाल होगा लोगों को पानी मिल पाएगा या नहीं, यह एक बहुत बड़ी समस्या बनी हुई है जिसका समाधान करने में ग्राम पंचायत सरपंच नाकाम सिद्ध हो रहे है और जनता त्राहि त्राहि हो रही है।

**इनका कहना है**

सिंगोडी में जल स्त्रोत के दो कुएं सूख चुके हैं और बाजार चौक का पानी का बोर मात्र 4 घंटे चल रहा है। बहुत जल्द इसमें सुधार किया जाएगा, प्रयास जारी है।

**कपिल ठाकुर सरपंच**
**ग्राम पंचायत सिंगोड़ी**

### शिव भक्तों को किसी प्रकार की नहीं होगी कोई दिक्कत

## प्रशासनिक अधिकारियों ने समिति सदस्यों से चर्चा कर देखी व्यवस्थाएं



हरिभूमि न्यूज ⏭ छिन्दवाड़ा

सांसद विवेक बंटी साहू कल 25 फरवरी को दोपहर 3 बजे त्रिशुल लेकर रामेश्वर धाम के लिए पैदल निकलेगें। सांसद के निज निवास के सामने स्थित हनुमान मंदिर से पुजारी संघ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों की प्रमुख मौजुदगी में पदयात्रा प्रारम्भ होगी। सांसद साहू रामेश्वर धाम सिहोरामाल तक 22 किलोमीटर की यह यात्रा पैदल ही तय करेगें। वहीं महाशिवरात्रि के दिन 26 फरवरी को रामेश्वर धाम में हनुमान जी की प्रतिमा की स्थापना के साथ विशेष पूजन-अर्चन और विशाल फलाहारी भंडारे का आयोजन किया गया है। रामेश्वरम धाम की व्यवस्थाओं को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों ने आयोजन समिति से चर्चा कर तैयारियों का जायजा लिया।

पदयात्रा सहित शिवरात्रि पर रामेश्वरम धाम में होने वाले आयोजनों को लेकर और यहां आने वाले भक्तों के लिए समिति द्वारा विशेष तैयारियां की जा रही है। इसी क्रम में सोमवार को प्रशासनिक अधिकारी रामेश्वरम धाम पहुंचे। इस दौरान आयोजन समिति के पदाधिकारी एवं प्रशासनिक अधिकारी प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## स्कूलों में न हो नकल, कलेक्टर प्रतिनिधि प्रश्नपत्रों की गोपनीयता सुनिश्चित करें: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिन्दवाड़ा

कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने सोमवार को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री अग्रिम कुमार एवं अपर कलेक्टर के.सी.बोपचे सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी एवं जिला मुख्यालय के अधिकारी कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में उपस्थित थे, जबकि अन्य सभी एसडीएम, सीईओ जनपद पंचायत, सीएमओ सहित सभी खंड स्तरीय अधिकारी वीसी के माध्यम से बैठक में शामिल हुए।

कलेक्टर ने कहा कि परीक्षाओं में नकल बिल्कुल बर्दाशत नहीं की जायेगी। सत्र के प्रारंभ से ही जिला प्रशासन द्वारा शिक्षा की गुणवत्ता पर फोकस किया गया है, परीक्षा भी गुणवत्तापूर्ण हो। नकल का एक भी प्रकरण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कलेक्टर प्रतिनिधि प्रश्नपत्रों की गोपनीयता सुनिश्चित रखें।



उड़नदस्ता दल मॉनिटरिंग ठीक ढंग से करें। परीक्षा में ड्यूटीरत सभी शासकीय सेवक समय पर अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए बोर्ड परीक्षाओं का निर्बाध और सुचारू संचालन सुनिश्चित कराएं।

### मैमोग्राफी मशीन शुरू न होने पर नोटिस

जिला अस्पताल में डब्ल्यू.सी.एल. परासिया के माध्यम से प्राप्त मैमोग्राफी मशीन का संचालन अभी तक शुरू नहीं होने पर कलेक्टर श्री सिंह ने कड़ी नाराजगी जताई और सीएमएचओ व सिविल सर्जन को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर श्री सिंह ने खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण से जुड़ी खबरों को लेकर कड़ी नाराजगी जताई। माइनिंग ऑफिसर को अपनी टीम के साथ और सभी एसडीएम को अपने अपने क्षेत्र में संचालित सभी ईंट भट्टों की जांच कर यह देखने के निर्देश दिए कि भट्टों में उपयोग हो रहा कोयला वैध है या नहीं।

## श्री महाकाल सेवा समिति में भव्य रूप से मनाया जाएगा महाशिवरात्रि महोत्सव

**सिंगोड़ी:** महाशिवरात्रि पर्व के लिए सिंगोड़ी बाबा महाकाल मंदिर पुलिस चौकी सिंगोड़ी के सामने महाकाल मंदिर सज गया है। मंदिर परिसर और मेन रोड पर भव्य रूप से सजावट की जा रही है। महाशिवरात्रि में खास आकर्षण का केंद्र भगवान शिव की बारात का कार्यक्रम है। वहीं बुधवार को शिवरात्री के पावन पर्व पर शिव तांडव नृत्य, स्लोग, शंखनाद प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया है। बुधवार को महाशिवरात्रि का पर्व है। इसके लिए शिव भक्तों ने महाकाल मंदिर को भव्य रूप से सजाया है। इस बार फूलों के साथ कपड़े की रंग बिरंगी चुन्नियों, विभिन्न प्रकार की लाईटों से सजाया गया है।

**श्रद्धालुओं ने पूरी कर ली तैयारियां**

परिसर के चारों ओर तथा पुलिस चौकी के सामने प्रांगण को झालर व मालाओं से गुलजार किया गया है। महाकाल मंदिर के पुजारी ने बताया कि हर बार की तरह इस बार भी शिवरात्रि के पर्व को भव्य रूप से मनाया जा रहा है। मंदिर की सजावट को भी भव्य रूप दिया जा रहा है। शिवरात्रि के पर्व पर नगर क्षेत्र में शिवयात्रा मुख्य आकर्षक का केंद्र रहेगी। इसके लिए जोर शोर से तैयारियां चल रही है। वहीं दूसरी ओर जिले के विभिन्न महाकाल मंदिर सहित तमाम शिवालयों में शिवरात्री पर्व के लिए मंदिरों को सजाया जा रहा है। जहां रुद्राभिषेक सहित अखंड रामायण पाठ और जगराता करने की तैयारी भी चल रही है।

## महाशिवरात्रि पर पदयात्रा कर रामेश्वर धाम पहुंचेंगे सांसद साहू

**छिन्दवाड़ा।** सांसद विवेक बंटी साहू कल 25 फरवरी को दोपहर 3 बजे त्रिशुल लेकर रामेश्वर धाम के लिए पैदल निकलेगें। सांसद जी के निज निवास के सामने स्थित हनुमान मंदिर से पुजारी संग के पदाधिकारियों एवं सदस्यों की प्रमुख मौजुदगी में पदयात्रा प्राम्भ होगी। सांसद श्री साहू रामेश्वर धाम सिहोरामाल तक 22 किलोमीटर की यह यात्रा पैदल ही तय करेगें। उल्लेखनीय है कि छिन्दवाड़ा और पांढुर्णा के निवासियों की सुखः समृद्धि और कल्याण की कामना का संकल्प लेकर सांसद श्री साहू हनुमान मंदिर में पुजा अर्चना कर अपनी यात्रा प्राम्भ करेगें। ये पदयात्रा बस स्टेण्ड, यातायात थाना, पाटनी पेट्रोल पम्प के सामने से होते हुए रेल्वे स्टेशन व कुंडीपुरा के रास्ते होते हुए रामघढी, घाट परासिया, उमरिया ईसरा के रास्ते रामेश्वर धाम पहुचेगी। जहां पर रात्रि में पुजन अर्चन व अभिषेक का कार्यक्रम रखा गया हैं। इस यात्रा में बडी संख्या मे महिलाएं भी उपस्थित रहेगी। वहीं 26 फरवरी को रामेश्वर धाम में पुजन अर्चन के साथ ही विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। विशाल भंडारे का प्रसाद ग्रहण करने के लिए पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के लिए भंडारे, पानी और बैठक की उचित व्यवस्था आयोजन समिति द्वारा की गई है। त्रिशूल यात्रा के लिये बनाई गई समिति ने शहर एवं ग्रामवासियों से इस यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस यात्रा को सफल बनाने की अपील की है।

## दो लाख 24 हजार 100 किसानों को मिले 44.82 करोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिन्दवाड़ा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिहार के भागलपुर में एक क्लिक से साथ 9.76 करोड़ किसानों को 19वीं किस्त के रूप में 22 हजार करोड़ से अधिक की धनराशि जारी की है। इसमें छिंदवाड़ा के दो लाख 24 हजार एक सौ किसानों को 44.82 करोड़ एवं पांढुर्णा के 52,276 किसानों को 10.45 करोड़ की राशि जारी हुई है। भागलपुर मे आयोजित मुख्य समारोह एवं छिंदवाड़ा में कृषि विज्ञान केन्द्र में ऑनलाईन देखे गये कार्यक्रमों में मौजूद किसानों को 19वीं किस्त के माध्यम से राशि मिलने से उनके चेहरे पर खुशी देखी गई। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद सांसद बंटी विवेक साहू ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जब से नरेन्द्र मोदी जी की सरकार बनी है तब से ही किसानों को सभी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। भाजपा सरकार द्वारा किसान सम्मान निधि मिलने से अब उन्हें छोटे कर्ज नहीं लेना पड़ रहा है। पहले की सरकारों ने सिर्फ किसानों का शोषण किया है। उसी के परिणाम है कि उस दौरान हुए करोड़ों के घोटाले अब उजागर हो रहे है।



## कांस्य पदक प्राप्त बॉडी बिल्डर पूजा तिवारी को किया सम्मानित

**छिंदवाड़ा।** दिल्ली में 15 एवं 16 फरवरी को नोएडा स्थित इंडोर स्टेडियम में आयोजित मिस्टर एंड मिसेस एशिया प्रतियोगिता में छिंदवाड़ा की पूजा तिवारी ने कांस्य पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया है। सोमवार को सांसद कार्यालय पहुँची पूजा तिवारी का सांसद बंटी विवेक साहू ने सम्मान किया।

उल्लेखनीय है कि उक्त प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश सहित दिल्ली,नेपाल,बांग्लादेश सहित अन्य देशों के खिलाड़ियों ने भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। इस दौरान उनके साथ उनके कोच एवं अन्य लोग उपस्थित थे। सांसद बंटी विवेक साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के प्रयासों से आज देशभर में खेलों के कई आयोजन हो रहे है। इसी का परिणाम है कि देशभर में छुपी हुई प्रतिभा अब उभरकर सामने आ रही है, और उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिल रहा है।

## सार्वजनिक अवकाश में भी खुले रहेंगे जिला पंजीयक एवं उप पंजीयक कार्यालय

**छिन्दवाड़ा।** महानिरीक्षक पंजीयन भोपाल श्री अमित तोमर द्वारा माह मार्च में होली अवकाश छोड़कर सभी शनिवार व रविवार सार्वजनिक अवकाश में जिला पंजीयक एवं उप पंजीयक कार्यालय खोलने के लिये निर्देशित किया गया है। उन्होंने बताया कि माह मार्च शासन के राजस्व की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। प्रदेश के जनसामान्य को दस्तावेजों के पंजीयन कार्य में अधिक सुविधा देने एवं शासन के राजस्व को दृष्टिगत रखते हुये माह मार्च 2025 में होली अवकाश 14 मार्च 2025 को छोड़कर शेष सभी सार्वजनिक अवकाश दिवसों (प्रत्येक शनिवार व रविवार सहित) में सभी वरिष्ठ जिला पंजीयक/ जिला पंजीयक एवं उप पंजीयक कार्यालय, शासकीय एवं पंजीयन कार्य के लिये खुले रहेंगे। उन्होंने निर्देश दिये हैं कि सार्वजनिक अवकाश दिवसों में परिक्षेत्रीय उप महानिरीक्षक पंजीयन अपने परिक्षेत्र के अंतर्गत सभी पंजीयन कार्यालय खोले जाना सुनिश्चित करें।

### श्री महाकाल मोक्षधाम मारुति नंदन सेवा समिति की तैयारियां पूर्ण

# महाशिवरात्रि के लिए सज गया महाकाल का दरबार

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

शिवरात्रि की पावन पर्व की धूम हमारे देश में हर सनातनी धर्मप्रेमी बंधु एकता के साथ शिव पार्वती के शुभ विवाह के उपलक्ष्य में शिव पूजन कर मनाता हैं। छिंदवाड़ा में शिवरात्रि पर्व का बड़े ही धूम धाम से आयोजित किया जाता हैं। शिवरात्रि में मुख्य रूप से महाकाल के मोक्षधाम मंदिर में बाबा की महा भस्मी आरती पूजन पाठ यह मंदिर का एक अलग स्थान रखता आया है।

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी महाशिवरात्रि के पावन पर्व में श्री महाकाल मोक्षधाम मारुति नंदन सेवा समिति के अध्यक्ष बब्लू पांडे जी द्वारा जानकारी दी गई। जिसमें शिवरात्रि के दिन 26 फरवरी बुधवार को प्रातः 4 बजे से विशेष पूजन पाठ महाअभिषेक का कार्यक्रम आरंभ हो जाएगा। इसकी साथ ही प्रातः 5 बजे विशाल भंडारे में चाय, गरमा गर्म साबूदाने की खिचड़ी का वितरण भी आरंभ किया जाएगा।





विशाल डीजे नाइट शो म्यूजिक के साथ भक्त भक्ति भावना के साथ बाबा की शादी के अवसर में झूमेंगे नाचेंगे। जिसमें दोपहर में 12 बजे भगवान भोलेबाबा जी, भूत पिशाच , बाबा के भक्तगणों के साथ की दिव्य भव्य बारात झांकी स्वरूप मोक्षधाम से निकाली जाएगी।

मंदिर प्रांगण में ग्रामीण मंडलियों के द्वारा सीताराम नाम उदघोष सत्ता का जाप पाठ दोपहर 3 बजे से आरंभ किया जाएगा। मंदिर के पुजारी शुभम पांडे ने बताया शिवरात्रि में। बाबा का दिव्य विशेष श्रृंगार के साथ संध्या काल 7 बजे से बाबा महाकाल की महाभस्मी आरती की जाएगी। सर्वप्रथम काल भैरव जी की आरती, शिव मा पार्वती के सुन्दर भजन पुष्प भजन पश्चात भस्मी चढ़ाई जाएगी। इसके बाबा की आरती सामूहिक रूप से भक्तों के द्वारा की जाएगी।

बाबा के भक्तों के दर्शन हेतु विशेष व्यवस्था रात भर बाबा के पट दर्शन भी समस्त भक्तों को प्राप्त होते रहेंगे। मंदिर के समस्त कार्यक्रमों को ले समिति सदस्यों ने समस्त जिलेवासियों के भक्तों को दर्शन एवं पूजन के लिए सादर आमंत्रित किया हैं।



### एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर शहरवासियों के लिए मांगी सुविधाएं, कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने बैठक लेकर पदाधिकारियों को सौंपे नियुक्ति पत्र

# शहर कांग्रेस ने क्षेत्र में अव्यवस्थाओं के खिलाफ निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया



शहर कांग्रेस परासिया की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। आयोजित बैठक में नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्त पत्र प्रदान किए गए साथ ही संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की गई । परासिया शहर में नगर पालिका की उदासीनता के चलते फैली अव्यवस्थाओं के खिलाफ कांग्रेस ने रैली निकाली और एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर अविलम्ब सुचारू व्यवस्थाएं निर्मित करने की मांग की।

परासिया शहर कांग्रेस की आयोजित बैठक को जिला कांग्रेस अध्यक्ष विश्वनाथ ओक्टे, परासिया विधायक सोहन बाल्मीकि , विधानसभा प्रभारी राजीव तिवारी , ब्लॉक अध्यक्ष कमल राय व जंप उपाध्यक्ष जमील खान व नगर पंचायत अध्यक्ष गोविंद बिजौलिया ने संबोधित किया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष व विधायक के हस्ते नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्त पत्र प्रदान किए गए । परासिया कांग्रेस संगठन की प्रशंसा की । धरना प्रदर्शन आंदोलन ज्ञापन में परासिया जिले में सबसे आगे हैं । कांग्रेस के वक्ताओं ने परासिया नगरपालिका के भ्रष्टाचार व नाकामी का उल्लेख किया। साथ ही भाजपा सरकार में फलफूल रहे अवैध धंधों का उल्लेख किया । बैठक में मंच संचालन व आभार प्रदर्शन शहर अध्यक्ष वीर बहादुर सिंह ने किया। परासिया शहर कांग्रेस के तत्वावधान में शहर के भीतर व्याप्त जनसमस्याओं के विरोध में परासिया शहर कांग्रेस कार्यालय से रैली निकालकर नारेबाजी करते हुए ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। कांग्रेस ने प्रस्तुत ज्ञापन में उल्लेख किया कि लगातार दो वर्षों से गंदा मटमैला खदान का पानी सप्लाई होने से लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है । वहीं टैक्स वृद्धि को वापस लेना , नगरपालिका अध्यक्ष के भ्रष्टाचार की जांच को सर्वाजनिक करने व कार्रवाई करने की मांग, अवैध कॉलोनी के नाम बांटे गए नोटिस वापस लेने सहित कर्मचारियों की मांग को जनहित में शहर में व्याप्त अव्यवस्थाओं को सुधारने व शहर में अवैध धंधों पर तत्काल कार्रवाई करने की मांग करते हुए ज्ञापन देकर आंदोलन की चेतावनी दी।

आयोजित बैठक व रैली में कांग्रेस जिला अध्यक्ष विश्वनाथ ओक्टे , परासिया विधायक सोहन बाल्मीकि , विधान सभा प्रभारी राजीव तिवारी , ब्लॉक अध्यक्ष कमल राय , जनपद उपाध्यक्ष जमील खान नगरपालिका अध्यक्ष गोविंद बिजौलिया, अशोक आम्रवंशी , समन्वयक बसंत मालवीय , महिला अध्यक्ष अंजली श्रीवास्तव , शहर अध्यक्ष सावित्री वर्मा , पार्षद पूनम कैथवास, पार्षद रुक्मा बंसोड़ , पार्षद प्रतिमा बैस , युकां अध्यक्ष मुकुल दुबे , शहर अध्यक्ष स्वप्निल करानिया , मोनू ठाकुर , सुरेन्द्र झाड़े , अलाउद्दीन खान , भगवानदीन यादव , अशोक शर्मा , मोहम्मद शकील , रूबल भमरा , अशोक डेहरिया , टीकाराम साहू , नाजिम जागीरदार , सागर बावरिया , सुधीर यादव , तनवीर अहमद , नारायण जोहरे , नफीस खान , महेश बघेल , देवीराम विश्वकर्मा , अखलाक सिद्दकी , रामनारायण तिवारी , सफीक सिद्दीकी , अनवर , अरविंद मालवीय , अली इब्बा भाई , मयंक दुबे, मनीष बेन, पुनाराम डेहरिया, इंदुल खान, बबलू ट्रेलर, अनुपम धुर्वे, मोहम्मद खान, गुलाब चौहान, दर्शन अरोरा , रहमान खान राजा श्रीवास्तव, इस्ताक खान, राज धुर्वे, जुनैद खान, आशूतोष जायसवाल, नफीस खान, बहादुर, रोहित धुर्वे, अनीस ख़ान व कपिल यादव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

## जिला अभियान परिषद ने ग्रामीणों के साथ मिलकर की साफ-सफाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

आदर्श ग्राम छाबड़ी भुतहा कार्य स्वच्छता अभियान के अंतर्गत मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के तत्वाधान में जिला समन्वय अखिलेश जैन एवं ब्लॉक समन्वय संजय बामणी के मार्गदर्शन में नव अंकुर संस्था स्वयं सामाजिक कल्याण एवं विकास समिति द्वारा सेक्टर 2 में शासन की योजना के अंतर्गत जो स्वच्छता अभियान चालू है। प्रस्फुटन समिति एवं नवांकुर संस्था स्वयं सामाजिक कल्याण एवं विकास समिति एवं ग्रामीण जनों को लेकर स्वच्छता का कार्य किया गया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष सचिव एवं गांवों के लोग शामिल थे।

# महाकुंभ में लोगों को कराया भंडारा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

आशाराम बापू द्वारा प्रेरित अखिल भारतीय श्री योग वेदांत सेवा समिति के तत्वावधान में 14 जनवरी से जारी महाकुंभ में आश्रम से प्रकाशित ऋषि प्रसाद , कैलेंडर , सत साहित्य निःशुल्क भेंट किये जा रहें हैं। साथ ही सभी श्रद्धालुओं को हलवा और चने का नाश्ता भी उपलब्ध कराया जा रहा है । सरकारी आंकड़ों के अनुसार अभी तक 60 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई है । समिति का सेक्टर - 8 , 10 , 23 और 25 में विशाल पंडाल चर्चा का विषय है । देश भर में कार्यरत 2500 समितियाँ यहाँ जाकर सेवाएं दे रही हैं। साधकों द्वारा पूज्य बापूजी के बेगुनाही वाले साहित्य का भी वितरण भारी संख्या में किया गया । प्राप्त जानकारी से ज्ञात हुआ है कि अभी तक इस सेवा से लगभग 2 करोड़ से अधिक लोग लाभांवित हो चुकें हैं । छिंदवाड़ा से ऋषि प्रसाद सत साहित्य के जोन प्रभारी तुकाराम भाई के नेतृत्व में मोटर वाहन से सैकड़ों साधकों ने वहां जाकर निरन्तर सेवाएं दी हैं । इस भव्य आयोजन ने युवा सेवा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय अरोड़ा , विशाल भाई ( दिल्ली ),शिवाजी ( सूरत) ,प्रमोद भाई ( जबलपुर ),राजकुमार भाई (लखनऊ ) ,उमेश भाई ( नागपुर ) ,बाबूलाल भाई ( बनारस ) के अलावा श्री शक्ति ट्रस्ट एवं सँस्कृत पुस्तकोंन्नति सभा द्वारा संचालित सन्त श्री आशाराम जी आश्रम खजरी का सहयोग सराहनीय रहा । पूज्य गुरुदेव के सत्संग का लाभ जन-जन तक पहुचाने वाले सेवाधारियों में साध्वी रेखा बहन , साध्वी प्रतिमा बहन , समिति के अध्यक्ष मदनमोहन परसाई , खजरी आश्रम के संचालक जयराम भाई , गुरुकुल की संचालिका दर्शना खट्टर , ओमप्रकाश डहेरिया, अश्विन पटेल, शम्भूदयाल साहू , सुभाष इंगले , बबलू माहोरे आदि ने सेवाएं दी।

## परिवहन अधिकारी ने की नागपुर मार्ग पर गाड़ियों की जांच

**सौंसर।** रविवार को परिवहन चेक पॉइंट पर परिवहन अधिकारियों के द्वारा गाड़ियों की जांच एवं कार्रवाई की गई है। परिवहन चेक पाइट प्रभारी अधिकारी अक्षय पटेल से मिली जानकारी के अनुसार कार्यालय परिवहन आयुक्त मध्यप्रदेशग्वालियर के आदेश पर 12 जुलाई 2024 को नागपुर-छिन्दवाडा रोड महाराष्ट्र सीमा पर आर.टी.ओ. चेक पॉईन्ट पांढुर्णा-1 की स्थापना की गई है। आदेश के परिपालन में 18 फरवरी 2025 को प्रवर्तन अमले द्वारा नियमित चेकिंग की कार्यवाही शासन द्वारा अनुबंधित वाहन क्र. एमपी-28 टी ए-1642 द्वारा की जा रही थी। वाहन क्र. एम एच-34 बी जेड-7230 को चेकिंग के लिए रोका गया। लेकिन वाहन चालक राजेश चौधरी द्वारा वाहन को ना रोकते हुये तेज गति से वाहन चलाते हुए भगा ले गया। जब वाहन नहीं रोका तो वाहन को पीछा करके रोका गया। वाहन के दस्तावेज पंजीयन कार्ड, परमिट, फिटनेस, पी.यू.सी ड्रायविंग लायसेंस की मांग की गई। ड्रायवर द्वारा दस्तावेज दिखाने से इनकार करते हुये चेकिंग स्टॉफ से अभद्रता की गई है। ड्रायवर द्वारा उक्त वाहन को आडा-खडा करके छिन्दवाडा-नागपूर मार्ग को अवरूद्ध कर दिया गया। इसके पश्चात ड्राईवर वीडिओ बनाने लगा एवं उसके द्वारा महिला स्टॉफ आरक्षक ओर अन्य स्टॉफ से अभद्रता की गई। साथ ही मार्ग में अवरूद्ध हुआ। ड्रायवर द्वारा दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किये गये। गाड़ी को भगा कर ले गया। वाहन चालक राजेश चौधरी के विरूद्ध ड्राईविंग लायसेंस निलंबित करने हेतु लासेसिंग अथॉरिटी आरटीओ नागपुर (महाराष्ट्र) को पत्र भेजा गया है।

## बहुजन महापुरुषों की विचारधारा से ही होगा समाज का कल्याण:शास्त्रीजी

### अन्नाभाऊ साठे मंगल भवन में हुआ एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौसर



रविवार को नगर के अन्नाभाऊ साठे मंगल भवन में एकदिवसीय बसपा का प्रशिक्षण शिविर संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ बसपा बालाघाट जॉन प्रभारी नानेश्वर गजभिए, बसपा जिला अध्यक्ष विक्रम इरपाची,जिला प्रभारी, माणिक वानखेडे, बसपा नेता डॉ सी.एम. गेडाम, सौसर विधानसभा प्रभारी मयूर गजभिए, द्वारा संविधान निर्माता डॉ बाबा साहेब आबेडकर, गाडगे बाबा की प्रतिमा के अभिवादन किया गया।

प्रशिक्षण शिविर में प्रशिक्षक अर्जॉबलाल शास्त्री ने बहुजन महापुरुषों ने किन परिस्थितियों में जीवन यापन करते हुए समाज के कल्याण के लिए कार्य किया। इस पर मार्गदर्शन देते हुए कहा कि तथागत बुद्ध सम्राट अशोक, छत्रपति शिवाजी महाराज,महात्मा ज्योतिबा फुले, संत कबीर, सावित्रीबाई फुले, डॉ बाबासाहेब अंबेडकर, लोकशाहीर अन्नाभाऊ साठे गाडगे महाराज आदि के द्वारा समाज में फैली हुई कुरीतियां और समानता छुआछूत आदि को समाप्त करने के लिए जीवन भर कार्य किया है।

संविधान निर्माता डॉ बाबासाहेब अंबेडकर ने भारतीय संविधान का निर्माण कर करोड़ बहुजन समाज के लोगों को मान सम्मान के साथ में जीने का अधिकार दिए हैं। वर्तमान में बहुजन समाज को राजनीतिक पार्टियों के द्वारा गुमराह कर संविधान को समाप्त करने की साजिश की जा रही है। हमें संविधान निर्माता डॉ बाबा साहब अंबेडकर द्वारा बताए हुए रास्ते पर चलने की जरूरत है। बसपा विधानसभा प्रभारी मयूर गजभिए ने बताया कि बहुजन समाज के लोगों को बहुजन महापुरुषों की विचारधारा मिशन कार्य पता चले।

इस उद्देश्य को लेकर एकदिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन कर समाज को जागृत करने का कार्य किया जा रहा है। इस दौरान जिला प्रभारी श्रीमती पमिता मोटघरे, भारतीय बौद्ध महासभा जिला अध्यक्ष डॉ अशोक भगत, अशोक गजभिए, बसपा विधानसभा अध्यक्ष सिद्धार्थ सोमकुंवर आदि मौजूद रहे।

### कल दोपहर में जागरण ग्रुप द्वारा भक्तिमय गीतों की दी जायेगी प्रस्तुति

## महाशिवरात्रि के अवसर पर झरिया में भव्य मेले की तैयारियां

### महाशिवरात्रि महोत्सव, हवन, जागरण और शायरी प्रतियोगिता का होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



जनपद पंचायत खैरलांजी तहसील अंतर्गत ग्राम झरिया में स्थित पहाड़ी और प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर महादेव मंदिर में आगामी 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के अवसर पर विशाल मेले का आयोजन किया गया। इस मौके पर भक्तों के लिए विशेष कार्यक्रम रखे गए हैं, जिनमें हवन, पूजा-अर्चना, रुद्राभिषेक और भक्ति संध्या शामिल हैं।

इस संबंध में जानकारी देते हुए समाजसेवी गुणाराम बघेल ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर मंदिर परिसर में भव्य मेले का आयोजन किया जा रहा है। श्रद्धालु सुबह से ही भगवान शिव की आराधना में लीन रहेंगे। पूरे विधि-विधान से रुद्राभिषेक किया जाएगा। जिसके बाद भगवान शिव की भव्य प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी।

उन्होंने बताया कि दोपहर 12 बजे से महाशिवरात्रि जागरण ग्रुप की ओर से भक्तिमय गीतों की सुंदर प्रस्तुति दी जायेगी, जो श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगी। इसके साथ ही रात 10 बजे से दुय्यम शायरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया हैं, जिसमें बालाघाट हट्टा की प्रसिद्ध गायिका आरती धुर्वे और सिवनी जिले के बरघाट की दीपिका तुरकर अपनी शानदार शायरी प्रस्तुत करेंगी।

इस पर्व को भव्य और व्यवस्थित रूप देने के लिए मेला स्थल समिति द्वारा सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। श्रद्धालुओं को मेले में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आग्रह किया गया हैं, ताकि इस पावन अवसर को और भी दिव्य और भक्ति से परिपूर्ण बनाया जा सके।

### मवेशी तस्करों से बरामद सूकरों का किया गया दाह संस्कार

## जिंदा बचे 8 सूकरों को वनविभाग द्वारा जंगल में छोड़ा गया

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** वन विभाग पश्चिम सामान्य लांजी द्वारा जंगली सूकर तस्करी मामले में गत दिनों 20 जंगली सूकरों के साथ तीन आरोपियों तुसेन पिता बिसाहूराम जाति तेली 19 वर्ष बिरसा निवासी, महेश पिता साधुसिंह जाति गोंड 35 वर्ष बिरसा निवासी, गंगाराम पिता प्रेमलाल जाति तेली 39 वर्ष बिरसा निवासी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर एक आरोपी को रिमांड में लिया गया था। जिसमे दो आरोपी को न्यायालय द्वारा जेल भेज दिया गया है वहीं एक आरोपी को विभाग द्वारा रिमांड लेकर पूछताछ की जा रही है। वहीं इस कार्यवाही में मृत बरामद किये गये 12 सूकरों को वनविभाग द्वारा पालडोंगरी डिपो में उनका शव परीक्षण के पश्चात अंतिम संस्कार किया गया है। सूकरों के दाह संस्कार कार्यक्रम में एसडीओ राकेश अड़कने, नायब तहसीलदार संजय बारस्कर, वन परिक्षेत्र अधिकारी श्रीमती नेहा घोड़ेश्वर, पशु चिकित्सक प्रियांश वासनिक एवं डिप्टी रेंजर रविंद्र सोनवाने सहित वनविभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है की 20 फरवरी को दोपहर 2 से 3 बजे लांजी आमगांव पर सिंगोला स्थित वन जांच नाका में जांच की जा रही थी इसी दौरान आमगांव की ओर से एमपी 51 जेड सी 7372 में 20 नग छोटे बड़े जंगली सूकर लेकर तीन लोग आ रहे थे जिन्हे वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में बेरियर प्रभारी देवेन्द्र सहारे के द्वारा रोका गया एवं जांच की गई तो वाहन के अन्दर 20 नग जंगली सुअर एवं एक नग देशी सुकर था, प्रभारी के द्वारा जब इस संबंध में पुछा गया तो आरोपियों के द्वारा बडे ही सहज रूप से सामने देशी सुकर को दिखाते हुये कहा गया कि हम तो देशी सुकर को ले जा रहे है लेकिन जब वन अमले ने गाड़ी की सघन जांच की तो सामने देशी सुकर को केवल दिखाने के लिये रखा गया है अंदर की ओर जंगली सुकर की तस्करी की जा रही है। वन अमले के द्वारा जंगली सुअरों से भरा वाहन, तीन आरोपियों को वन विभाग कार्यालय पश्चिम सामान्य लांजी लाया जाकर कार्यवाही की गई।



### इनका कहना है

वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम की उचित धाराओं के अंतर्गत कार्यवाही कर मामले को जांच में लिया गया है। साथ ही परिवहन के दौरान मृत हुए सूकरों को वनविभाग द्वारा 23 फरवरी को पालडोंगरी डिपो में उनका अंतिम संस्कार किया गया। वहीं इसी तरह विगत दिनों जंगली सूकरों का परिवहन करते दो पिकअप वाहन जब्त किये गये थे उसमें भी इस मामले में पकड़ाए गए एक आरोपी का पिता शामिल था।

**श्रीमती नेहा घोड़ेश्वर, परिक्षेत्र अधिकारी पश्चिम सा.**

## सर्वसमाज के हितैषी थे संत रविदास :विवेक पटेल



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** जनपद पंचायत वारासिवनी अंतर्गत ग्राम पंचायत सुक्कुटोला नरोड़ी में संत रविदास जयंती के अवसर पर संत रविदास जी की मूर्ति का अनावरण व हवन पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संत रविदास मंदिर में सुबह पूजा-अर्चना के बाद भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जो ग्राम का भ्रमण करने के बाद वापस संत रविदास मंदिर पहुंची। इस शोभा यात्रा में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहें। संत रविदास मूर्ति के अनावरण अवसर पर क्षेत्रीय विधायक विवेक विक्की पटेल के पहुँचने पर ग्रामीणों द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। विधायक विवेक विक्की पटेल ने कहा कि हमें गुरु संत रविदास से प्रेरणा लेनी चाहिए। महापुरुषों व संतो के जीवन से प्रेरणा लेकर आगे बढऩा चाहिए। संत रविदास ने समाज में फैली छूआछूत, ऊँच-नीच का भेदभाव मिटाने की दिशा में बेहतर योगदान दिया। देश में अनेक संत, महात्मा हुए, उनमें गुरु रविदास का नाम अग्रणी पंक्ति में आता हैं। संत रविदास इस पावन धरा पर नए युग का सूत्रपात लेकर आये थे। उन्होंने छुआछूत और जातिवाद को समाप्त करने के लिए अपना पूरा जीवन अर्पण कर दिया था। ऐसे महापुरुष किसी विशेष जाति के ना होकर सर्व समाज के हितैषी होते हैं। हमारा समाज लगातार आगे बढ़ रहा हैं। हम बच्चों को जैसा सिखायेगे, वैसा ही बच्चे सीखेंगे। मेरी जब भी जरूरत पड़े, मैं हमेशा आप लोगों के साथ खड़ा रहूंगा। अपने परिवार का आप मुझे सदस्य समझे और मुझे काम बताये, मैं जरूर करने का प्रयास करूंगा।

### योगेन्द्र ठाकुर के तबीयत बिगड़ने के बाद से खाली कुर्सी

# नगर परिषद अध्यक्ष का कौन संभालेगा कार्यभार...!

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



नगर परिषद कटंगी अध्यक्ष योगेन्द्र ठाकुर बीते करीब डेढ़ माह से गंभीर बीमारी से अस्वस्थ है. नागपुर के एक प्राइवेट अस्पताल में उपचार के बाद फिलहाल उनकी हालत स्थिर है और वह अपने भाई के यहां नागपुर में ही है. योगेन्द्र ठाकुर के अस्वस्थ होने के बाद नगर परिषद में अध्यक्ष की कुर्सी खाली है और इस कुर्सी में बैठने की लालसा भाजपा की सभी महिला पार्षदों और उनके पतियों ने पाली है. खासतौर से उपाध्यक्ष धर्मकला देशमुख स्वयं को इस कुर्सी का हकदार मानकर चल रही है. मगर, चर्चा है कि विधायक गौरव सिंह पारधी उपाध्यक्ष के पति कामराज देशमुख को पसंद नहीं करते है. जिस कारण वह उपाध्यक्ष को अध्यक्ष का पदभार मिले ऐसा बिलकुल भी नहीं चाहते. विधायक नगर परिषद अध्यक्ष की कुर्सी पर ऐसे किसी को बिठाना चाहते है जो उनके इशारों पर काम करें. विधायक अपने इशारों पर चलने वाले को ही अध्यक्ष की कुर्सी दिलाने की फिराक में है ताकि वह शहरी सत्ता में अपना दखल रखते हुए अपने हिसाब से सभी कार्य अपने मनमुताबिक करवाएं. जिसके चलते वह अपने ईशारों पर चलने वाले को अध्यक्ष का कार्य भार मिले इसीलिए एड़ी चोटी का जोर लगा रहे है. लेकिन विधायक के सामने सबसे बड़ी चुनौती ऐसे पार्षद का चयन करने में आ रही है. दरअसल, इसके पीछे सबसे बड़ी वजह भाजपा के पास योगेन्द्र ठाकुर के अलावा अन्य पुरूष पार्षद का ना होना है. नगर परिषद के चुनाव में भाजपा के 07 पार्षदों को जीत मिली थी. जिसमें योगेन्द्र ठाकुर को छोड़कर बाकि सभी 06 महिला पार्षद शामिल है. जिसमें महिला पार्षद धर्मकला देशमुख उपाध्यक्ष है।

नगर परिषद अध्यक्ष योगेन्द्र ठाकुर के अस्वस्थ्य होने के करीब ड़ेढ़ माह बाद भी किसी को भी विधिपूर्वक अध्यक्ष पद का कार्यभार नहीं मिल पाया है. जिस कारण अध्यक्ष की मौजूदगी में होने वाले शहरी क्षेत्र में कई कार्य प्रभावित हो रहे है. वहीं नगर परिषद में अध्यक्ष की गैर मौजूदगी से अधिकारी (सीएमओ) और कर्मचारी बेलगाम हो गए है वह अपनी मनमानी कर रहे है. सीएमओ की मनमानी का एक नायाब उदाहरण तो गत माह राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस 26 जनवरी के मौके पर सभी ने देखा भी है. उन्होंने पूरी परिषद (उपाध्यक्ष और पार्षदों) को दरकिनार करते हुए स्वयं ही राष्ट्रध्वज तिरंगा फहरा दिया था. जिसकी उपाध्यक्ष और सभी पार्षदों ने कड़ी आचोलना की और कलेक्टर मृणाल मीणा से मुलाकात कर सीएमओ के खिलाफ वैद्यानिक कार्रवाई करने की मांग रखी हालांकि कलेक्टर ने अब तक सीएमओ के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की है. इधर, विधायक नगर परिषद अध्यक्ष का कार्यभार भाजपा के ही किसी पार्षद को दिलवाना चाहते है. मगर, इस पद के लिए कौन योग्य है और कौन उनके इशारों पर चलेगा. यह शायद विधायक को भी समझ नहीं आ रहा है जिस कारण वह कोई फैसला नहीं ले पा रहे है. जैसा कि चर्चा थी कि बीते दिनों विधायक अर्पणा राउत को अध्यक्ष का कार्यभार दिलाने की तैयारी में है. विधायक ने कुछ पार्षदों के साथ बैठक भी की थी. किंतु इस बैठक के बाद भी कुछ खास नहीं निकलकर सामने आया. अब चर्चा है कि मार्च महीने में बजट के पहले अध्यक्ष का कार्यभार किसी को सौंपा जा सकता है. मगर, यह कौन होगा इस पर अभी कोई चर्चा नहीं है।

### सुलसुली चौकी में 10 दिवसीय फर्स्ट एड मेडिकल कोर्स का आयोजन संपन्न

## नक्सल गतिविधियों से ग्रामीणों को दूर रहने किया जागरूक



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** 07 वाहिनी केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल द्वारा वाहिनी के कमाण्डेंट कपिग गिल के उपस्थिति में चिकित्सा अधिकारी डा० विवेक दिवेद्वी 07 बटालियन कॉ.रि.धु, बल के द्वारा बी/07 बटालियन केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के कार्य क्षेत्र में सिविक एक्शन कार्यक्रम 2024-25 के तहत पुलिस चौकी सुलगुली कॅम्प के जबाबदारी क्षेत्र स्किल डेवलपमेंट को बढ़ावा देने के लिये फर्स्ट एड मेडिकल कोर्स का आयोजन दिनाक-12/02/2025 से 21/02/2025 तक किया गया। जिसमें सुलसुली गाँव के 10 बेरोजगार युवक एवं युवतियों को बुनियादी फर्स्ट एड मेडिकल कोर्स का प्रशिक्षण दिया गया तथा फर्स्ट एड मेडिकल किट का वितरण किया गया। जिससे कि जरूरत पड़ने पर ग्रामीणों को इसका लाभ मिल सके। साथ ही चिकित्सा अधिकारी डा० विवेक दिवेद्वी एवं टीम के द्वारा निशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया गया, जिसमे ग्रामीणों का निशुल्क स्वास्थ्य जाँच किया गया एवं निशुल्क दवाईया दी गई। इस मौके पर उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए 7 बटा० कमाण्डेंट महोदय श्री कपिंग गिल ने स्थानीय लोगो को बताया कि आप लोंगो की सुरक्षा के लिए 07 वी वाहिनी केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल सदैव तत्पर है। भारत सरकार द्वारा लगातार इस क्षेत्र में प्रगत्ति की कार्य योजनायें, सुचारू रूप से चलाई जा रही है। तथा इन योजनाओं से सभी लोगों को लाभान्वित होना चाहिए । कार्यक्रम के समापन होने पर कमाण्डेंट कपिग गिल ने नक्सल गतिविधियों से लोगों को दूर रहने के संबंध में जागरूक किया, तथा आश्वासन दिया की 07 वाहिनी केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल द्वारा लगातार इस प्रकार के आयोजन भविष्य में भी किया जायेगा। उक्त कार्यक्रम के दौरान चिकित्सा अधिकारी 07 बटालियन केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल डा० विवेक दिवेद्वी, समवाय अधिकारी बी/7 निरीक्षक धर्मराज यादव, सउनि० पवित्र कुमार पति, पुलिस चौकी प्रभारी सुलसुली के उपनिरी माधव शर्मा, एवं चौकी के अन्य कार्मिक उपस्थित रहे एवं बी/07 समवाय के सभी कार्मिकों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के वरिष्ठ गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे तथा क्षेत्र के ग्रामीणों को कार्यक्रम की समाप्ति के पश्चात भोजन करवाया गया ।

### महाविद्यालय में स्वरोजगार हेतु कौशल विकास कार्यशाला का आयोजन

**बालाघाट।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में संस्था के प्राचार्य डॉ. पी. आर. चंदेलकर के मार्गदर्शन में समाज शास्त्र विभाग द्वारा परियोजना कार्य के अंतर्गत 15 दिवसीय कौशल विकास कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें श्रीमती राजश्री जायसवाल द्वारा विद्यार्थियों को पेपर मेशी से विभिन्न कलाकृत्तियों को बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। पेपर मेशी के अंतर्गत रद्दी कागज, एवं गोंद के द्वारा प्लास्टिक के खाली डिब्बे, पानी बॉटल, मिट्टी की मटकी, कुल्हड़ इत्यादि सामान पर आकर्षक कलाकृतियों बनाई जाती है। समाजशास्त्र विभाग के एम.ए. चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने इस कार्यशाला में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों में ऐसा कौशल संवर्धन करना था जिससे भविष्य में वे कम खर्च में ही बेकार पड़ी वस्तुओं से आकर्षक कलाकृतियों बनाकर उससे स्वयं भी रोजगार कर सकें और अन्य लोगों को भी रोजगार दे सकें।

## खबर संक्षेप

### लापता युवक का शव तालाब मे मिला

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सिवनी में सोमवार सुबह दो दिन से लापता मानसिक रूप से कमजोर युवती का शव एक तालाब में मिला है। जंगल की ओर जाते वक्त ग्रामीणों ने शव को बरेली गांव स्थित तालाब में उतराता हुआ देखा था। घटना किंदरई थाना क्षेत्र में घंसौर गांव की है। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई। जिसके बाद ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकलवाया। पंचनामा की कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया है।

### भाषण एवं निबंध प्रतियोगिता संपन्न

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** स्वामी विवेकानंद शा. महाविद्यालय लखनादौन में दिनांक 21.02. 25 एवं 22.02.2025 को भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ द्वारा कक्ष कं. 36 में अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के उपलक्ष्य में भाषण प्रतियोगिता एवं निबंध प्रतियोगिता प्रश्न मंच कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
जिसमें छात्र- छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। इसमें भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. अजय सिंह कुसरे, प्रो. शशिकेश संकोलिया, डॉ. सी.डी. शर्मा,मती निधि हिरकने, कु. उजमा हुसैन,मती रूपाली जैन,मती जाग्रती इनवाती, राजकुमार साहू, रमेश डेहरिया, अतुल सोनी उपस्थित रहे।

# धड़ल्ले से हो रहा है नगर में पॉलिथीन का उपयोग, जिम्मेदार मौन

**केन्द्र सरकार ने 1 जुलाई 2022 से ही सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया, लेकिन इनका उपयोग आज तक नहीं रुक पाया है। ऐसा लग रहा है कि पॉलीथिन अब आबो-हवा के साथ जिम्मेदारों को भी दूषित कर रही है। बाजारों में सिंगल यूज प्लास्टिक का धड़ल्ले से इस्तेमाल हो रहा है।**

## प्लास्टिक थैलियों पर नहीं रोक, नालियां हो रही जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

पॉलिथीन पर प्रतिबंध के बावजूद हर जगह इसका उपयोग धड़ल्ले से हो रहा है। किराना, होटल, सब्जी, फलों की दुकान व रेहडियों पर दुकानदार, व्यापारी खुलेआम इसका उपयोग कर रहे हैं। कुछ व्यापारियों ने बताया कि ग्राहक घर से थैला लेकर नहीं आते है। ऐसे में मजबूरी में उन्हें लिफाफा रखना पड़ता है।
इसके बाद इसपर अंकुश लगाने का जिम्मा नगर पालिका को दिया गया। नगर पालिका द्वारा पॉलिथीन के इस्तेमाल के खिलाफ कुछ दिनों तक अभियान चलाया गया लेकिन उसके बाद यह बंद हो गया। नगर में जहां तहां बिखरी पॉलिथीन पर्यावरण के साथ-साथ पशुओं को भी नुकसान पहुंचा रही है। प्रशासन द्वारा कई बार रेहड़ी व छोटी दुकानों पर कार्रवाई कर पॉलिथीन लिफाफों को जब्त किया गया व चालान भी काटे गए लेकिन इसके बावजूद इस पर अंकुश नहीं लग पाया। अगर इस साल की बात करें इस साल में पॉलिथीन के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। होलसेल की दुकानों पर प्रतिबंधित प्लास्टिक के लिफाफे आम बिक रहे हैं। के इस्तेमाल के खिलाफ कुछ दिनों तक अभियान चलाया गया लेकिन उसके बाद यह बंद हो गया। नगर में जहां तहां बिखरी पॉलिथीन पर्यावरण के साथ-साथ पशुओं को भी नुकसान पहुंचा रही है। प्रशासन द्वारा कई बार रेहड़ी व छोटी दुकानों पर कार्रवाई कर पॉलिथीन लिफाफों को जब्त किया गया व चालान भी काटे गए लेकिन इसके बावजूद इस पर अंकुश नहीं लग पाया। अगर इस साल की बात करें तो पुरा सिस्टम कोरोना में ही उलझ कर रह गया है जिस कारण इस साल में पॉलिथीन के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। होलसेल की दुकानों पर प्रतिबंधित प्लास्टिक के लिफाफे आम बिक रहे हैं। कई सामाजिक संगठनों और प्रशासन ने भी सहयोग किया व कपड़े के थैले बनाकर बांटे गए।

### शहर की गंभीर हुई सीवरेज समस्या का मुख्य कारण

शहर की गंभीर हुई सीवरेज समस्या का मुख्य कारण पॉलिथीन को कहा जा सकता है। शहर में सीवरेज जाम की समस्या कई क्षेत्रों में है। यह पॉलिथीन ही सीवरेज जाम का कारण बनते हैं। कूड़ा डंप पर भारी मात्रा में पॉलिथीन बिखरा नजर आता है।



### हर-रोज 150 किलो से अधिक पॉलिथीन की होती है खपत

नगर में छोटे-बड़े सभी व्यवसायी इसका उपयोग कर रहे हैं। एक आंकड़े के मुताबिक नगर में हर-रोज 150 किलो से अधिक पॉलिथीन की खपत होती है। इससे पर्यावरण के साथ ही स्वास्थ्य के लिए भी खतरा पैदा हो रहा है। पॉलिथीन जलाने से निकलने वाली जहरीली गैस से कैंसर का खतरा भी बना रहता है।
बाजारों में सिंगल यूज प्लास्टिक का धड़ल्ले से इस्तेमाल हो रहा है। इसके उपयोग के बाद फेंकने से कचरे में सबसे ज्यादा पॉलीथिन का अंबार दिखता है। इतना ही नहीं प्रशासन व जिम्मेदारों ने बहुतायात में उपयोग होने वाली पॉलीथिन, डिस्पोजल गिलास के उपयोग को कभी रोकने की कोशिश नहीं की।
जिससे लोगों में इसके प्रति जागरूकता व डर भी नहीं है। इतना ही नहीं जिम्मेदार अधिकारियों के कार्यालयों तक में इन प्रतिबंधित कप में ही चाय परोसी जा रही है। इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों की आंखें नहीं खुल रही। ऐसा लग रहा है कि पॉलीथिन अब आबो-हवा के साथ जिम्मेदारों को भी दूषित कर रही है। जिससे लोगों में इसके प्रति जागरूकता व डर भी नहीं है। इतना ही नहीं जिम्मेदार अधिकारियों के कार्यालयों तक में इन प्रतिबंधित कप में ही चाय परोसी जा रही है। इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों की आंखें नहीं खुल रही। ऐसा लग रहा है कि पॉलीथिन अब आबो-हवा के साथ जिम्मेदारों को भी दूषित कर रही है।

### खुले में बेच रहे

केंद्र सरकार ने एक जुलाई 2022 से सिंगल यूज पॉलीथिन और प्लास्टिक निर्माण, आयात, भंडारण, वितरण, बिक्री और उपयोग पर प्रतिबंध लगा रखा है, लेकिन फिर भी लोग सामान लेने घर से थैला लेकर बाजार नहीं जाते। दुकानदार भी पॉलीथिन में सामान देने से मना नहीं करते। यही वजह है कि प्रतिबंध के बावजूद फुटकर और थोक विक्रेताओं की दुकानों में ड्ढ्रूसगल यूज पॉलीथिन व प्लास्टिक की सामग्री खुले आम उपयोग में ली जा रही है।

### घर से थैला लेकर नहीं आते लोग

कस्बे के व्यापारियों का कहना है कि सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध होने की जानकारी है, लेकिन जब तक यह बनती रहेगी तब तक उपयोग होता रहेगा। लोग घर से थैला लेकर नहीं आते हैं, इसीलिए मजबूरी में सब्जी और अन्य सामान पॉलीथिन में देना पड़ता है। इसके लिए सरकार को इनके निर्माताओं पर प्रतिबंध लगाने की आवश्यकता है।

### सडक़ किनारे ढेर लगे

गलियों, सडक़ों और नालियों में पॉलीथिन और प्लास्टिक के ढेर लग जाते हैं। पॉलीथिन फंसने से नाले और नालियां भी जाम हो जाती हैं। इस कारण सफाईकर्मी व क्षेत्रवासी परेशान होते हैं। कई जगह कचरा पात्र नहीं होने से सडक़ किनारे कचरा फेंका जा रहा है।

### गंदा पानी सडक़ों पर फैल रहा

कस्बे सहित क्षेत्र की अधिकांश नालियों में प्लास्टिक की थैलियां भरी होने से हर दिन गंदा पानी सडक़ों पर फैलता रहता है। लेकिन ग्राम पंचायत प्रशासन व अन्य जिम्मेदारों द्वारा किसी के खिलाफ कार्रवाई तक नहीं कर पा रही है।

### इन क्षेत्रो मे सबसे ज्यादा पॉलीथिन का अंबार

नगर पालिका के सामने नाला पन्निया से हुआ चौक चिल्लर सब्जी मंडी लगा गंदगी का अम्बार, थोक सब्जी मंडी पॉलीथिन से भरी पड़ी।

**पॉलिथीन से यह नुकसान**

वातावरण दूषित होता है, जलाने से निकलने वाली गैस से कैंसर का खतरा होता है। नलों में जमा होने से पानी का बहाव रुक जाता है। गोवंश के पॉलिथीन खाने से हो रही है मौत।

# दो गांजा तस्कर चढ़े कोतवाली पुलिस के हत्थे



चार किलो से अधिक गांजा हुआ जप्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

गांजा की तस्करी करते हुए दो तस्कर कोतवाली पुलिस की गिरफ्त में चार किलो से अधिक गांजा हुआ जप्त
सिवनी जिले में चल अवैध मादक पदार्थ के खिलाफ कार्यवाही हेतु पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता सख्त है. ए.एस.पी गुरूदत्त शर्मा एवं सी.एस.पीमति पूजा पांडे के मार्गदर्शन में कोतवाली पुलिस द्वारा दो आरोपियों से 04 किलो 70 ग्राम गांजा पकडने में सफलता प्राप्त की। दिनांक 23/02/25 की रात्रि में मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई थी की लूघरवाडा शमशान घाट के बाजू में दो व्यक्ति के पास काफी मात्रा में अवैध रुप से गांजा रखे होने की सूचना पर कोतवाली थाना प्रभारी द्वारा थाना स्तर पर टीम गठित कर कार्यवाही हेतु टीम रवाना की गई।
टीम के द्वारा बीझावाडा रोड पर घेराबंदी कर दो व्यक्तियों को पकडा गया जिनके पास से एक लाल रंग के बैग में से 04 किलो 70 ग्राम गांजा जप्त किया गया। आरोपियो से अवैध मादक पदार्थ रखने के सबंध में कोई वैद्य दस्तावेज लायसेंस न होने से आरोपियो के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपियो से अन्य श्रोत के संबंध में पूछताछ की जा रही है एवं इनके पूर्व आपराधिक रिकार्ड खंगाले जा रहे है।
गिरफ्तार आरोपी संतोष यादव पिता सुक्कन यादव उम्र 38 साल निवासी ग्राम मढी थाना आदेगांव । 02. टीकाराम नेमा पिता झाडूलाल नेमा उम्र 34 साल निवासी ग्राम डांगावानी थाना आदेगांव । जप्ती मे 01.04 किलो 70 ग्राम कीमती करीबन 40,000 रूपये । 02. मोबाईल फोन कीमती करीबन 20,000 रूपये । 03. नगदी 1320 रूपये ।

# गढ़वाल समाज का स्थापना दिवस एवं युवक-युवती परिचय सम्मेलन 28 को

**हरिभूमि न्यूज बरघाट।** अखिल भारतीय गढ़वाल समाज का स्थापना दिवस एवं युवक, युवती परिचय सम्मेलन कार्यक्रम 28 फरवरी को बरघाट में रखा है। इस आशय की जानकारी देते हुए गढ़वाल समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि अखिल भारतीय गढ़वाल समाज महासभा के तत्वाधान में 28 फरवरी को सिवनी जिले के बरघाट (मुंडापार) में गढ़वाल समाज का स्थापना दिवस एवं युवक, युवती परिचय सम्मेलन एवं मिलन समारोह का आयोजन रखा गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व केन्द्रीय मंत्री, मंडला सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते, प्रमुख अतिथि बालाघाट सिवनी सांसद भारती पारधी, बरघाट विधायक कमल मर्सकोले, विशिष्ट अतिथि डॉ नीलमचंदपाण्डे, खेमचंद ब्रम्ह, सूरज ब्रम्हे, कमलेश अजीत, धर्मेन्द्र वराड़े एवं रविन्द्र नागेश्वर की अध्यक्षता में समारोह आयोजित किया गया है।
झांकियों के साथ होगा नगर भ्रमण गढ़वाल समाज के पदाधिकारियों ने जानकारी में बताया कि 28 फरवरी को गढ़वाल समाज का स्थापना दिवस युवक युवती परिचय सम्मेलन के पश्चात अनेकों कार्यक्रम आयोजित किए गए है। सुबह 8 बजे से रंगोली प्रतियोगिता, सुबह 10 बजे झांकी के साथ बरघाट नगर भ्रमण, दोपहर 12 बजे अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम शुभारंभ, 1 बजे युवक युवती परिचय सम्मेलन, 2 बजे गढ़वाल समाज के वरिष्ठ संस्थापक सदस्य मेहत लाल बेलजी का सम्मान, 3 बजे सामाजिक कलाकारों के द्वारा संस्कृति कार्यक्रम की प्रस्तुति, 5 बजे अतिथियों का उद्बोधन, शाम 6 बजे कार्यक्रम समापन किया जाना है। क्षेत्रीय गढ़वाल समाज क्षेत्र बरघाट, युवा प्रकोष्ठ महासभा, महिला प्रकोष्ठ महासभा, अखिल भारतीय गढ़वाल समाज महासभा के पदाधिकारियों ने सभी सामाजिक बंधुओं से कार्यक्रम में सहपरिवार अधिक से अधिक संख्या पर पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील किए है।

# प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस में योग प्रशिक्षण शिविर संपन्न

## स्वस्थ तन-मन और खुशहाल राष्ट्र की प्रेरणा है योग - केसी राउर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

उच्च शिक्षा विभाग के निर्देश पर कैवल्यधाम योग शिक्षण केंद्र, भोपाल के सहयोग से एक सप्ताह का ऑनलाइन योग प्रशिक्षण कार्यक्रम पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ . इस प्रशिक्षण में कैवल्यधाम की लोनावला, महाराष्ट्र स्थित प्रधान शाखा के चेयरमैन ओपी तिवारी और सीईओ सुबोध तिवारी के साथ ही कैवल्यधाम योग प्रशिक्षण केंद्र, भोपाल शाखा के प्रभारी संदीप दीक्षित भी मार्गदर्शक के रूप में मौजूद रहे. पीएम कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस के स्पोर्ट्स ऑफिसर के सी राउर ने बताया कि प्रतिदिन ऑनलाइन रूप से आयोजित इस प्रशिक्षण शिविर में को-ऑर्डिनेटर योगाचार्य राकेश चौहान तथा योग प्रशिक्षिका संध्या चौहान ने कॉलेज के छात्र-छात्राओं को बहुत ही रोचक तरीके से ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया. ऑनलाइन होते हुए भी विद्यार्थियों को दोनों योगाचार्यों ने जीवंत प्रशिक्षण दिया. 17 फरवरी से 22 फरवरी 2025 तक आयोजित ऑनलाइन योग प्रशिक्षण के पाँचवें चरण में सिवनी के एक्सीलेंस कॉलेज सहित प्रदेश के 10 महाविद्यालय भी शामिल थे. प्रशिक्षण उपरांत सभी प्रशिक्षणार्थी छात्र-छात्राओं को शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी जनभागीदारी अध्यक्ष अजय बाबा पाण्डेय के द्वारा प्रमाणपत्र प्रदान किये गए. बेहद उत्साह के साथ सफलतापूर्वक योग प्रशिक्षण पूरा करने पर प्राचार्य डॉ रविशंकर नाग तथा स्पोर्ट्स ऑफिसर के सी राउर ने सभी प्रशिक्षित विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ प्रेषित कीं. प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए केसी राउर ने कहा कि योग स्वस्थ तन-मन और खुशहाल राष्ट्र की प्रेरणा है. उम्मीद जताई कि प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले सभी छात्र छात्रा योग प्रशिक्षक के रूप में जिले में योग का प्रशिक्षण देने के साथ ही योग का समुचित प्रचार प्रसार करेंगे।
योग प्रशिक्षण शिविर के समापन सत्र में एनसीसी ऑफिसर लेफ्टिनेंट पवन वासनिक, अर्थशास्त्र विभाग के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ मानसिंह बघेल,प्रो के के बरमैया, रामकुमार बघेल, क्रेश सनोडिया, मनीष परिहार, शिवानी साहू, सुधीर डहेरिया, जितेंद्र तिवारी तथा स्टाफ के अन्य सदस्य मौजूद रहे. छह दिनों तक आयोजित योग प्रशिक्षण कार्यक्रम में स्नातक और स्नातकोत्तर कक्षाओं के चुनिंदा छात्र छात्राओं ने सक्रिय हिस्सा लेकर प्रशिक्षण प्राप्त किया।



# नगरपालिका द्वारा पेपर ब्लॉक फिक्सिंग, लगाए जाने का भूमि पूजन कार्यक्रम संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

23 फरवरी 2025 को नगर पालिका सिवनी द्वारा महारानी लक्ष्मी बाई वार्ड स्थित कचहरी चौक पुराना चर्च प्रांगण में पेपर ब्लॉक फिक्सिंग, लगाए जाने का भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथी के रूप में नगरपालिका अध्यक्ष शफीक खान सहित निकाय के पार्षदगण उपस्थित रहें कुल 7,69,816 रूपये की लागत से उक्त कार्य पूर्ण किया जावेगा। कार्यक्रम में सर्वप्रथम चर्च के पदाधिकारियों द्वारा भूमिपूजन कार्यक्रम में पधारे अतिथी नगर पालिका अध्यक्षशफीक खान, स्वास्थ्य सभापति राजिक अकील, संबंधित वार्ड पार्षदमति नेहा धीरज पृथ्यानी, ठेकेदार संतोष नगपुरे का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया।
तदोपरांत अध्यक्ष एवं उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों के द्वारा भूमिपूजन कार्य सम्पादित किया गया उक्त कार्यक्रम के दौरान नगरपालिका के उपयंत्री संतोष तिवारी, समय पाल अंकुर दुबे, लिपिक संतोष चंद यादव, चर्च के पदाधिकारीगण सहित अन्य गणमान्य नागरिकगण उपस्थित रहे।

# शासकीय विधि महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने किया जेल भ्रमण






हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

शासकीय विधि महाविद्यालय सिवनी के अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों ने अपने प्रायोगिक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के अंतर्गत यातायात थाना का भ्रमण कर यातायात संबंधी नियमों एवं अधिनियमों से संबंधित कार्यप्रणाली की जानकारी ली। एवं जेल भ्रमण कर जेल मेन्युअल एक्ट एवं जेल की कार्यप्रणाली को समझा इस दौरान जेल के अधिकारियों का पूर्ण सहयोग विद्यार्थियों के लिए लाभदायक सिद्ध हुआ।
जेल अधीक्षक ने जेल के प्रकारों के विषय में विस्तार से बताते हुए कहा कि सिवनी जेल पहले सर्किल जेल हुआ करता था। वर्तमान में जिला जेल की श्रेणी में आता है। सेंट्रल जेल नरसिंहपुर के परिक्षेत्र में आता है जिसमें 10 वर्ष तक की सजा पाने वाले को रखा जाता है महिला बंदियों के लिए अलग से बेरक है। बंदियों के स्वास्थ्य के देखभाल के लिए परिसर में ही अस्पताल की व्यवस्था है। कैदियों के अध्ययन के लिए लाइब्रेरी की व्यवस्था है। कैदियों के स्वास्थ्य एवं मनोदशा के लिए समय-समय पर शिविर लगाये जाते है। सुबह-शाम बंदियों की गिनती की जाती है आदि जानकारी से अवगत कराया गया अन्य अधिकारियों ने भी जेल की गतिविधियों के विषय में विस्तरित जानकारी छात्र-छात्राओं को प्रदान की। भ्रमण में प्रायोगिक विषय प्रभारी डॉ.राकेश कुमार चौरासे, रामेश्वर प्रसाद शिववेदी, सुरेन्द्र सिंह अलावा,मति अर्चना पाठक, शंकर शंभू सोनी, कमलेश ठाकुर के निर्देशन में भ्रमण की प्रक्रिया पूर्ण की गई। यह सम्पूर्ण भ्रमण शासकीय विधि महाविद्यालय सिवनी के प्राचार्य डॉ.राकेश कुमार चौरासे के कुशल मार्गदर्शन में किया गया। भ्रमण के दौरान संदीप रजक, नेहा शेन्डे, प्राची उइके, वंदना ठाकुर, काजल विश्वकर्मा, पूनम दमाहे, वंदना अहिरवार, सौरभ बधेल, विवेक उइके, उत्कर्ष साहू, महेन्द्र अहिरवार, विनय पूसाम, सुनंदा इनवाती, माधुरी डहेरिया, आरती सनोडिया, नुपुर बैस, फिरदोश, भावना वनराज, कैलाश व अन्य उपस्थित रहे।

# आदेगांव पुलिस ने नाबालिक बालिकाओं की दस्तयाबी कर परिजनों के सुपुर्द किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

थाना आदेगांव पुलिस द्वारा टीम गठित कर चार अलग अलग स्थानो बैंगलोर, टीकमगंढ एवं छपारा नरसिहंपुर से नाबालिक बालिकाओ की दस्तयाबी कर परिजनो के सुर्पद किया गया। पुलिस मुख्यालय भोपाल के द्वारा नाबालिक बालक-बालिकाओ की तलाश पतासाजी हेतु ऑपरेशन मुस्कान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता के मार्गदर्शन व अति. पुलिस अधीक्षक जीडी शर्मा अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) लखनादौन अपूर्व भालवी के कुशल निर्देशन में थाना प्रभारी उप निरीक्षक पूजा चौकसे के नेतृत्व में सउनि रजनीकांत दुवे सउनि राजेश सक्सेना मप्र. आर. 408 सिराजो खान आर.620 जयप्रकाश उडक़े की टीम के व्दारा अपराध क्र01/25 धारा 137 (2) बीएनएस की अपहता को बैंगलोर से दस्तयाब किया गया अपराध क्र. 87/22 धारा 363 भादवि की अपहता को टीकमगढ़ से दस्तयाब किया गया, अपराध क्र. 38/25 धारा 137 (2) बीएनएस की अपहता को छपारा से दस्तयाब किया गया, अप क्र.07/25 धारा 137(2) बीएनएस की अपहता को सिवनी से दस्तयाब कर नाबालिक बालिकाओ को सकुशल परिजनों के सुपुर्द किया गया।

### शिक्षक संघ जिला कार्यकारिणी के चुनाव निर्विरोध हुए संपन्न, अविनाश पाठक बने अध्यक्ष

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मध्य प्रदेश शिक्षक संघ जिला कार्यकारिणी सिवनी के त्रिवार्षिक निर्वाचन सरस्वती शिशु मंदिर के डॉ. भीमराव सभा कक्ष में निर्विरोध संपन्न हुए। निर्वाचन अधिकारी राजेंद्र सरवरे एवं चुनाव पर्यवेक्षक आशीष तिवारी के मार्गदर्शन में संपन्न हुए निर्वाचन में अविनाश पाठक अध्यक्ष, संतोष सूर्यवंशी सचिव एवं के एल पटले कोषाध्यक्ष निर्वाचित हुए। उपाध्यक्ष सचिन जैन, ब्रह्मन, राय , कमल सिंह मर्सकोले ,फूलचंद यादव ,श्रीमती सुनीता गोनगे, ,श्रीमती तोषिमा भलावी, सह सचिव संतोष बेदी, नेमीचंद निवारे, सुशील भांगरे ,श्रीमती चित्रलेखा परते,मती प्रीता उइके एवंमती कीर्ति स्वामी तथा कार्यकारी सदस्य के रूप में दवन लाल उइके, पूनाराम राजपूत, सत्यम राहंगडाले, आर के कच्छप, दीनदयाल अवधिया ,संजीव कुमार बिसेन, हरिशंकर यादव एवंमती बीना इनवाती चुनी गई। मनोनीत सदस्य के रूप में डी एस पटले एवंमती प्रिया सरोज सिंह को स्थान मिला । निर्वाचन को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य विजय शुक्ला, जिला महामंत्री नोबद शुक्ला एवं जिला संयोजक अनिल शर्मा का विशेष योगदान रहा । निर्वाचन प्रक्रिया में जिले की समस्त नगर ,ब्लॉक एवं तहसील कार्यकारिणी से बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित हुए।

# बरघाट पुलिस द्वारा नाबालिक लड़की को बहला फुसलाकर ले जाने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

दिनांक 15/06/24 को प्रार्थी थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट लेख कराया कि दिनांक 15/06/2024 बजे के दोपहर के 12:00 बजे की इसकी नाबालिक लडकी बस्ती घुमने जा रही हूं कहकर घर से गई है जो घर वापस नहीं आई है जिसे किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसलाकर ले जाने के संदेह पर थाना बरघाट में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 341/24 धारा 363 भादवि का पंजीबद्ध कर विवेचना ने लिया गया। अनुविभागीय अधिकारी पुलिस श्री ललित गठरे के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी बरघाट के नेतृत्व में थाना स्तर पर अपहृता एवं अज्ञात आरोपी की तलाश पतासाजी हेतु पुलिस टीम गठित की गई। पुलिस टीम द्वारा लगाये गये मूखबिरो एवं तकनीकी सहायता एवं विवेचना में आये तथ्यो की सहायता से काफी प्रयास के बाद अपहृता आरोपी रूपसिंह लोधी निवासी दमोह के कब्जे से शोहना शहर गुरगांव हरियाणा से दस्तयाब कर दिनांक 23.02.25 को हमराह लेकर थाना लाया गया। जो महिला अधिकारी के द्वारा अपहृता से पूछताछ कथन लेखबद्ध किये जिसने अपने कथन में बताई कि आरोपी रूपसिंह पिता भगवानसिंह लोधी उम्र 24 साल निवासी अथाई थाना दमोह जिला दमोह के द्वारा बहला फुसलाकर ले जाना एवं शोहना शहर गुरगांव हरियाणा मे रखना बताई तथा आरोपी रूपसिंह लोधी के द्वारा अनुसूचित जनजाति की जानते हुये जबरदस्ती शारिरीक संबंध बनाकर गलत काम करना बताई। जो प्रकरण में धारा 366ए, 376376(2) (एन) भादवि., 3,4,5 (**L**), 6 पाक्सो एक्ट, 3(1)(**W**)(1),3(2) (**V**) एसटी एससी. एक्ट का बढ़ाई गई। आरोपी को गिर० कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

### त्यौहार को लेकर बीट प्रभावी एवं कोटवारों की बैठक हुई आयोजित

मध्यप्रदेश पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा जारी दिशा निर्देशों व नवाचार जिसमें बीट व माइक्रो बीट प्रणाली को मजबूत करने इन्फॉर्मेशन और ऑब्जर्वेशन के द्वारा ग्राम स्तर पर पुलिस-राजस्व और समाज के बीच की कड़ी कोटवार साथियों को बीट प्रणाली के अद्धतन उद्देश्यों की जानकारी थाना प्रभारी कान्हीवाड़ा ओमेश्वर ठाकरे व बीट प्रभारियों द्वारा सांझा की गई।

## सफलता की कहानी

# सॉफ्टवेयर इंजीनियर से सफल खाद्य प्रसंस्करण उद्यमी बने शिवम तारण

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** परंपरागत खेती को घाटे का सौदा मानने वाले किसानों के लिए यह कहानी एक नई राह दिखाने वाली है। जिले के एक युवा सॉफ्टवेयर इंजीनियर शिवम तारण, जिन्होंने अपनी पढ़ाई और कॉर्पोरेट करियर को छोड़कर अपने पुश्तैनी खेतों से कुछ नया करने की ठानी। उनका उद्देश्य पारंपरिक खेती से होने वाले घाटे को मुनाफे में बदलना था और इसमें उनकी मदद की उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्कहरण विभाग की प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना ने। सिवनी विकासखण्ड के बखारी ग्राम के रहने वाले शिवम तारण का परिवार वर्षों से मक्का की खेती करता आ रहा था, लेकिन बाजार में फसल के सही दाम न मिलने के कारण खेती घाटे में जा रही थी। पारंपरागत तरीकों से उगाई गई फसल को औने-पौने दामों में बेचना पड़ता था। कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन के निर्देशानुसार सहायक संचालक उद्यान डॉ आशा उपवंशी वासेवार के मार्गदर्शन में शिवम तारण ने "प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नचयन योजना (पीएमएफएमई) का लाभ लेकर राशि फूड के नाम से पफ कार्न की इकाई स्थापित की। शिवम तारण बताते हैं कि उन्होंने उपरोक्त इकाई स्थापित करने के लिए उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग की पीएमएफएमई योजना अंतर्गत 9.40 लाख रुपये का अनुदान एवं यूको बैंक के माध्यम से 22.60 लाख रुपये का ऋण मिला है साथ ही विभाग द्वारा पफ कार्न व्यवसाय संबंधी तकनीकी व्यावसायिक सहायता भी मिली है। शिवम यह भी बताते है कि आज से छह महीने पहले स्थापित हुई 'राशी



फूड' फैक्ट्री में मुख्य रूप से मक्के से पफ कॉर्न का उत्पादन किया जाता है। खास बात यह है कि यह पफ कॉर्न तेल में तला नहीं जाता, जिससे यह एक हेल्दी स्नैक के रूप में पहचाना जाता है। शिवम ने मक्के से अलग-अलग 8 फ्लेवर में पफ कॉर्न बनाना शुरू किया, जो स्वादिष्ट होने के साथ-साथ हर एक पैकेट में बच्चों के लिए खिलौने भी रखते हैं। इस अनूठे विचार ने बाजार में उनके उत्पादों की लोकप्रियता को तेजी से बढ़ाया। आज 'राशी फूड' फैक्ट्री प्रतिदिन कई टन मक्के को प्रोसेस करती है और इससे तैयार उत्पाद देशभर में भेजे जाते हैं। इस पहल से न सिर्फ उनका खुद का मुनाफा बढ़ा, बल्कि आसपास के किसानों को भी फसल के बेहतर दाम मिलने लगे। इसके अलावा, इस यूनिट की स्थापना से शिवम ने 7 स्थानीय युवाओं को रोजगार भी दिया है, साथ ही वो स्वयं लगभग 1 लाख रुपये प्रति माह का मुनाफा भी कमा रहे हैं। इस यूनिट को लगाने में उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्क रण विभाग के अधिकारियों ने हर कदम पर शिवम का साथ दिया। शिवम की सफलता यह दर्शाती है कि पारंपरिक खेती को अगर सही तकनीक और सही योजना के साथ जोड़ा जाए, तो यह बेहद लाभकारी बन सकती है। सरकार की पीएमएफएमई योजना का सही उपयोग करके कोई भी किसान/युवा/बेराजगार/महिला खाद्य प्रसंस्करण उद्यमी बन सकता है और खेती से आर्थिक क्रांति ला सकता है। उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा पीएमएफएमई योजना का सतत प्रचार-प्रसार कर बेरोजगार युवक युवतियों को स्वयं का व्यवसाय उद्योग स्थापित करने हेतु प्रोत्साहित कर मार्गदर्शन किया जा रहा है, जिसके परिणामस्वरूप आज जिले में 1 सैकड़े से ज्यादा युवक युवतियों ने अपना स्वयं का खाद्य प्रसंस्करण उद्योग स्थापित कर एक अच्छी आय प्राप्त कर रहे हैं साथ ही अन्य बेरोजगार युवक युवतियों को भी रोजगार प्रदान कर रहे हैं। पीएमएफएमई योजना के तहत सरकार के द्वारा छोटे-बडे खाद्य प्रसंस्करण उद्योग लगाने के लिए परियोजना लागत की 35% वित्तीय सहायता दी जाती है, साथ ही बैंकों से ऋण भी उपलब्ध कराया जाता है एवं उपरोक्त बैंक ऋण पर कृषि अधोसंरचना फंड के माध्यम से सात साल के लिए 3% ब्याज अनुदान भी उपलब्ध कराया जाता है।

## बोर्ड परीक्षा के चलते साउंड सीमित रहेगा, तीन स्थानों से जुड़ेंगे भक्त
# महाशिवरात्रि की पूर्व संध्या पर कल निकलेगी शिव बारात



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में 25 साल से महाशिवरात्रि की पूर्व संध्या पर निकलने वाली शिव बारात इस बार भी धूमधाम से निकाली जाएगी। बारात पुराने श्रीराम मंदिर से शुरू होगी। यात्रा का रूट सर्किट हाउस रोड, हनुमान चौक, मेन रोड, काली पुतली चौक और जयस्तंभ चौक होते हुए शंकरघाट तक रहेगा। शंकरघाट पर रात्रि में विशेष धार्मिक कार्यक्रम होंगे। आयोजक संयोग कोचर के अनुसार, बारात में भगवान शिव और माता पार्वती की शोभायात्रा निकलेगी। इसमें मां काली, भगवान शिव और हनुमान का रूप धारण किए भक्त नृत्य करते हुए चलेंगे। नगर के तीन अलग-अलग स्थानों से निकलने वाली शिव बारात मुख्य बारात में शामिल होगी। बोर्ड परीक्षाओं को देखते हुए प्रशासन ने विशेष दिशा-निर्देश जारी किए हैं। सीएसपी वैशाली सिंह कराहलिया ने बताया कि आयोजकों को तय सीमा में ही ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग की अनुमति दी गई है। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कोतवाली में हुई बैठक में थाना प्रभारी प्रकाश वास्कले, यातायात थाना प्रभारी आकाश शर्मा और आयोजक समिति के सदस्य उपस्थित थे। प्रशासनिक अधिकारियों ने शंकरघाट और जागपुरघाट का निरीक्षण भी किया है।

### महाशिवरात्रि पर अनोखी परंपरा

### दो साधक अष्टधातु का 40-40 किलो का मुकुट पहनकर हनुमान-शिव रूप में निकलेंगे



**बालाघाट।** महाशिवरात्रि पर अनूठी परंपरा देखने को मिलेगी। दो साधक आदित्य पिपरा और ओम चावलानी 40-40 किलो वजनी मुकुट धारण कर हनुमान और शिव के रूप में ढाई से तीन किमी शोभायात्रा में शामिल होंगे।यह रुद्र संग रुद्र अवतार' कार्यक्रम का तीसरा वर्ष है। इसका आयोजन जय बजरंग सेवादल समिति और बलभीम व्यायाम शाला करा रहे हैं। समिति के सदस्यों ने सोमवार को इसकी जानकारी दी।दोनों साधक 40 दिन से ब्रह्मचर्य का पालन करते हुए कठिन तपस्या कर रहे हैं। यह परंपरा पानीपत से प्रेरित है, जहां दशहरा पर्व पर साधक हनुमान वेश में 40 किलो का मुकुट धारण करते हैं।धर्मप्रेमी अभय सेठिया ने कहा कि इस तरह के धार्मिक कार्यक्रम युवाओं में धर्म के प्रति रुचि जगाते हैं। किशनलाल बत्रा ने बताया कि बालाघाट में यह परंपरा पहले दशहरा पर्व में शुरू हुई थी। अब तीन वर्षों से महाशिवरात्रि पर भी यह आयोजन हो रहा है। समिति सदस्य कैलाश नावानी ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य सनातन धर्म को बढ़ावा देना है। 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के दिन दोनों साधक शोभायात्रा में शामिल होकर नगर का भ्रमण करेंगे।

## शास. महा. हट्टा में जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन



हरिभूमि न्यूज हट्टा।

शासकीय महाविद्यालय हट्टा में जनजाति गौरव प्रकोष्ठ के तत्वावधान में 24 फरवरी 2025, सोमवार को ₹जनजातीय गौरव दिवस₹ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एकदिवसीय व्याख्यान माला का आयोजन किया गया, जिसमें जनजातीय समाज के गौरवशाली इतिहास, संस्कृति और विकास पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता श्री थानसिंह कटरे, विभाग संगठन मंत्री, अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम और विशिष्ट वक्ता श्री पवन मरकाम, सामाजिक कार्यकर्ता, अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम उपस्थित रहे।कार्यक्रम की शुरुआत में महाविद्यालय के प्राचार्य श्री मुकेश कुमार बिसेन ने अतिथियों का स्वागत किया और जनजातीय समाज के योगदान को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि जनजातीय समाज ने देश की संस्कृति और विकास में अमूल्य योगदान दिया है। इसके बाद मुख्य वक्ता श्री थानसिंह कटरे ने जनजातीय समाज के ऐतिहासिक संघर्ष और उनकी सांस्कृतिक धरोहर पर प्रकाश डाला। उन्होंने छात्र-छात्राओं को जनजातीय समाज के प्रति संवेदनशील होने और उनके विकास में योगदान देने का आह्वान किया।विशिष्ट वक्ता श्री पवन मरकाम ने जनजातीय समाज के सामाजिक और आर्थिक विकास पर अपने विचार रखे। उन्होंने शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में जनजातीय समाज को आगे बढ़ाने के लिए युवाओं से सक्रिय भूमिका निभाने का आग्रह किया।कार्यक्रम के संयोजक डॉ. विनोद कुमार शेंडे ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षकगण श्री मीताराम लिल्हारे, डॉ. सचिन तिवारी, श्रीमती श्वेता नेमा, श्री बसंत दशरिये, डॉ. वर्षा ऐड़े, डॉ. प्रियावती साहू, डॉ. श्रद्धा चौधरी, श्री अक्षय मंडराहा, श्री विशाल दमाहे, श्री अनिल डोंगरे और श्री महावीर ब्रम्हे सहित महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। यह आयोजन जनजातीय समाज के प्रति सम्मान और उनके गौरवशाली इतिहास को सहेजने की दिशा में एक सार्थक पहल साबित हुआ।

## प्रकृति भ्रमण कैम्पेनिंग का आयोजन, पर्यावरण के अनुकूल बनाये जीवन शैली

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



पर्यावरण नियोजन एवं समन्वयक संगठन एप्को पर्यावरण विभाग मध्यप्रदेश शासन वन व जलवायु परिवर्तन मंत्रालय भारत सरकार,न ई दिल्ली के सहयोग से इको क्लब शासकीय हाईस्कूल पीपरझरी, जिला बालाघाट के द्वारा 08 फरवरी को प्रकृति भ्रमण कैम्पेनिंग का आयोजन किया गया। छात्रों को वैनगंगा नदी के समीपस्थ स्थित ₹शासकीय रेशम केन्द्र बटरमारा₹ का भ्रमण कराया गया। रेशम केन्द्र में लगे हुये शहतूत के पौधे, बांस के झुरमुट व अन्य वृक्षों की हरियाली की ओर आकर्षित होकर वास्तव में समस्त सहभागियों का मन प्रफुल्लित व आनंदित हुआ। रेशम केन्द्र के कर्मचारियों द्वारा रेशम कीट पालन, ककून से कोशा निर्माण तक की जानकारी छात्रों को दी गई। रिसोर्स पर्सन के रूप में डॉक्टर रुपाली बिसेन आयुष चिकित्सा अधिकारी, आयुर्वेद चिकित्सालय पीपरझरी को आमंत्रित किया गया था, जिन्होंने प्राकृतिक व पर्यावरण के अनुकूल जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर सहभागियों द्वारा पर्यावरण से संबंधित चित्रकारी, पोस्टर निर्माण इत्यादि की गई। कैम्पेनिंग विद्यालय प्राचार्या श्रीमती सी के मण्डलेकर के सानिध्य में व इको क्लब प्रभारी अरुण कुमार गोन्डाने, विद्यालय के शिक्षकगण श्री एस एल बिसेन, श्री के एल पटले, ऐड़े मैडम, ए के वानखेड़े, यू एस लिल्हारे का अहम योगदान रहा। छात्रों की ओर से तनुज परिहार, शंकु पटले, अनुज वाहने, मानसी मेश्राम, मानसी टेम्भरे, यामिनी पटले, मिनाक्षी बागड़े, वंशिका कछवाहा अर्पणा वाहने व अन्य छात्रों ने भाग लिया।

## राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर का हुआ समापन



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** शासकीय महाविद्यालय लामता राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ के द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन ग्राम चरेगांव में दिनांक 18/2 /2025 से 24 /2/ 2025 तक आयोजित किया गया था जहां पर राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ के द्वारा स्वास्थ्य जन स्वच्छता एवं व्यक्तिगत स्वास्थ्य एवं मेरा युवा भारत डिजिटल साक्षरता विषय के ऊपर विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन कर राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य शिक्षा के साथ-साथ समाज सेवा व समाज सेवा के साथ-साथ शिक्षा के माध्यम से व्यक्तित्व का निर्माण के उद्देश्य की पूर्ति करने हेतु विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजनों किया गया।जहां पर ग्राम पंचायत की सरपंच महोदय श्रीमती मीना बिसेन जी के द्वारा विभिन्न प्रकार की गतिविधियों में सराहनीय योगदान रहा जिनकी मार्गदर्शन पर ग्राम में विभिन्न प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन महाविद्यालय द्वारा पूर्ण किया गया आज के समापन समारोह में राष्ट्रीय सेवा योजना के मुख्य अतिथि के तौर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष राजा लिल्हारे जी एवं महाविद्यालय के जनभागीदारी अध्यक्ष श्री विनोद बोथरा जी शासकीय महाविद्यालय लामता की प्राचार्य महोदय श्रीमती सुनीता वैद्य ने अध्यक्ष के रूप में आज के समापन समारोह की अध्यक्षता की एवं ग्राम के गणमान्य नागरिकों के द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के सदस्य के सफल संचालन के लिए समस्त स्वयंसेवक को बहुत सारी शुभकामनाएं भेंट की गई शिविर के सफल संचालन में शासकीय महाविद्यालय लामता राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ डुलेश्वरी टेंभरे जी का सराहनीय योगदान रहा है। समस्त ग्रामवासी व महाविद्यालय परिवार शिविर के सफल संचालन पर सभी स्वयंसेवकों के उज्जवल भविष्य की कामना करता है।

## गंगा मैया का आशीर्वाद लेकर पंचायत अस्तित्व रक्षा का लिया संकल्प : वैभवसिंह बिसेन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



पंच दशनाम जूना अखाड़ा के संत श्री श्री 1008 राजनंद सरस्वती जी (राजा भैया महाराज) के नैनी प्रयागराज स्थित आश्रम में गुर्रा पंचायत के सरपंच एवं सरपंच संघ के जिला अध्यक्ष वैभव सिंह बिसेन अपने साथियों रूपेंद्र और हिमेश जी के साथ पहुंचे। इस दौरान उन्होंने पवित्र गंगा स्नान कर महाकुंभ के शुभ फल प्राप्ति का अवसर ग्रहण किया। वैभव सिंह बिसेन ने गंगा मैया से अपनी ग्राम पंचायत गर्रा की सुख-समृद्धि की प्रार्थना की, साथ ही उन 42 ग्राम पंचायतों के अस्तित्व की रक्षा के लिए प्रार्थना की, जिन्हें नगर निगम में शामिल किए जाने की संभावना है। उन्होंने संकल्प लिया कि महाकुंभ के बाद अपनी पंचायत में नगर निगम से अपने गांव की पहचान बचाने के लिए महाहवन एवं महाभंडारा का आयोजन करेंगे।

उन्होंने कहा, हमारी पंचायत की पहचान और स्वायत्तता को बनाए रखना हमारी प्राथमिकता है। मैं हमेशा अपने पंचायत क्षेत्र के हितों की रक्षा के लिए संकल्पित रहूंगा और इस दिशा में हरसंभव प्रयास करूंगा।

## आज से 12वीं की बोर्ड परीक्षा शुरू

### 17 हजार छात्र पहले दिन हिंदी की परीक्षा में शामिल होंगे

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट में आज से 12वीं की बोर्ड परीक्षा शुरू हो रही हैं। पहले दिन 12वीं कक्षा के 17,731 विद्यार्थी हिंदी की परीक्षा देंगे। परीक्षा सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक होगी। 10वीं की बोर्ड परीक्षा 27 फरवरी से होगी। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के अनुसार, सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। पर्यवेक्षकों को परीक्षा संचालन के निर्देश दे दिए गए हैं। सोमवार को उत्कृष्ट विद्यालय सभाकक्ष में पर्यवेक्षकों की बैठक आयोजित की गई। परीक्षा केंद्रों में विद्यार्थियों के रोल नंबर टेबल पर अंकित कर दिए गए हैं। माध्यमिक शिक्षा मंडल के आदेशानुसार, कलेक्टर प्रतिनिधि को छोड़कर किसी को भी परीक्षा केंद्र में मोबाइल ले जाने की अनुमति नहीं होगी। संवेदनशील केंद्रों पर अतिरिक्त पर्यवेक्षक तैनात किए गए हैं। नगर मुख्यालय के 3 परीक्षा केंद्र- एमजीएम स्कूल, उत्कृष्ट विद्यालय और एमएलबी स्कूल में जैमर लगाए जाएंगे। कलेक्टर मृणाल मीणा के निर्देश पर नकल रोकने के लिए प्रशासनिक और शिक्षा विभाग का संयुक्त उड़नदस्ता गठित किया गया है। इसमें एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार के साथ शिक्षा विभाग से संयुक्त संचालक, डीपीआई, सहायक संचालक और जिला शिक्षा अधिकारी शामिल हैं।

## ग्राम अतरिया में लो वोल्टेज के कारण ग्रामीणों को हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज किरनापुर।



मुख्यालय के ग्राम पंचायत पीपल गांव कला के ग्राम अतरिया व भक्कू टोला, मेंडरा में लो वोल्टेज के कारण परीक्षा के समय बच्चों को हो रही परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, वैसे तो 3 साल से लो वोल्टेज का खामियाजा ग्रामीण जेल ही रहे हैं। लाइनमैन एवं अधिकारियों को इसकी सूचना कई दिनों से दी जा रही है उनका कहना है बस ठेकेदार द्धारा काम किया जा रहा है । समस्या का समाधान एक माह में किया जा सकता है गांव में एक ट्रांसफार्मर भी लगा हुआ है जिसका कोई उपयोग नहीं है गांव अतरिया में ग्राम लोंढागी से कनेक्शन दिया गया है उस लाइन में ईटा भट्ठा लगाये हुए संचालक उस केबल से लेकर पानी की मोटर चला रहे हैं और ईंट भट्ठे में लाइट भी लगाई जा रही है जिससे ग्रामीणों को लो वोल्टेज का खामीयाजा झेलना पड़ रहा है।

ग्राम अतरिया व मेंडरा तथा भाक्कूटोला में आदिवासी आंचल में लगभग 80 घरों से अधिक घरों में कम वोल्टेज के चलते ग्रामीण परेशानी का सामना कर रहे हैं। गर्मी के चलते बिजली के उपयोग की मात्रा बढ़ गई है। ऐसे में दिनभर बिजली का लोड बढ़ते ही वॉल्टेज की समस्या होने लगती है।

अटरिया गांव निवासी सुरेंद्र उइके ,लक्ष्मणपन्द्रे, रामेश्वर उइके ,सुंदरलाल टेकाम ,पुनेश्वर टेकाम ,शंकर नाथ राऊत, दिनेश्वर उइके ,संतलाल मरावी, प्रेमलाल मरावी, हीरालाल टेकाम ,मोहनलाल उइके, आदिवासीने बताया कि पिछले ० साल से वोल्टेज की भारी समस्या से जूझना पड़ रहा हैं। एक ओर जहां भारी गर्मी से लोगों का हाल बेहाल है। वहीं दूसरी ओर लो वोल्टेज के कारण कूलर पंखे शो पीस मात्र बनकर रह गए हैं।

गर्मियों के दिनों में बिजली की खपत बढ़ने के साथ ही वोल्टेज की समस्या और बढ़ गई है। दिनभर बिजली का लोड बढ़ते ही घर में लगे पंखे, कूलर, फ्रिज सहित अन्य बिजली के उपकरण काम करना बंद कर देते हैं। इससे मोहल्लेवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

कम वोल्टेज के चलते बिजली रहने के बाद भी न तो पानी के लिए मोटरें नहीं चल पा रही है और पंखे भी गर्मी से राहत नहीं दे पा रहे।उन्हें मोबाइल तक चार्ज करने में दिक्कत हो रही।इससे उपभोक्ताओं में बिजली विभाग के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही।

ग्रामीणों ने बताया कि मोहल्ले में 80 से अधिक घरों में वोल्टेज की समस्या के चलते अधिक पावर के ट्रांसफार्मर की मांग पिछले लंबे समय से की जा रही है, लेकिन आज तक यह मांग पूरी नहीं हो पाई है। जिससे लोगों को लो वोल्टेज की समस्या से जूझना पड़ रहा है।

## नवनियुक्त अंजुमन कमेटी का सोसायटी द्वारा सत्कार कार्यक्रम

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** अंजुमन इस्लामिया कमेटी बालाघाट की नवनियृक्त पदाधिकारियों का शनिवार को नगर के बॉटिनिकल गार्डन में मुस्लिम एजुकेशन एंड कल्चरल सोसायटी बालाघाट के द्वारा सत्कार कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। जिसमें अंजुमन कमेटी के अध्चक्ष हाजी फारूख शेख, मोहम्मद नईम भाटी उपाध्यक्ष, महमूद ऑलम खान सचिव, राशिद जमा खान कोषाध्यक्ष, एवं



कार्यकारिणी सदस्य मौलाना अब्दुल वहिद नूरी, मोहम्मद अब्दूल कादिर, मोहम्मद आदिल खान, मो. हारून खान, परवेज खान, अहमद खान, अबरार मदनी, शमीर हुसैन का कल्चरल सोसायटी के पदाधिकारी मो. सोहेल एजाज अध्यक्ष, मो. रियाज गनी उपाध्यक्ष, सचिव मो. आसिफ खान का सचिव मो. यानीस मदार, कोषाध्यक्ष मो. अमीन शेख, प्रवक्ता मो. इमरान कुरैशी, रहीम खान, कार्यकारिणी सदस्य शमी अहमद, आदिल खान, डॉ. शकील खान, आसिफ राईन, इकबाल कुरैशी, फिरोज खान, इकबाल सादिक, कैफी भाई उर्फ इफ्खार साहब, पीरू भाई उर्फ शेख पीर मोहम्मद, आदिल भाई सदर कोसमी मस्जिद, पप्पू भाई सहित अन्य ने पदाधिकारियों को पुष्प माला पहनाकर उनका इस्तकबाल किया।

## प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 19वीं किश्त हितग्राहियों के खातों में हुई अन्तरित

**बालाघाट।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा सोमवार को पीएम किसान सम्मान निधि की 19 वीं किस्त किसानो के बैंक खातों में अंतरित की गई है। ज्ञात हो कि किसान सम्मान निधि अंतर्गत वर्ष में कुल 6000 रुपये की राशि किसानों के खातों में प्रदाय की जाती है।प्रधानमंत्री श्री मोदी ने बिहार के भागलपुर में आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से सोमवार को किसान सम्मान निधि के हितग्राहियों के खातों में योजना की 19वीं किश्त अन्तरित की है। जिसका लाइव कार्यक्रम जिला स्तर और ब्लॉक स्तर पर भी आयोजित किया गया। वहीं अब मार्च 2025 के उपरांत किसान सम्मान निधि का लाभ प्राप्त करने के लिए फॉर्मर आईडी अनिवार्य हो गई है। भू अभिलेख कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार जिला स्तर पर किसान फॉर्मर आईडी का 72 प्रतिशत कार्य पूर्ण किया जा चुका है।

### पत्नी के साथ बाइक से आवश्यक कार्य से तहसील कार्यालय आ रहा था मृतक
## तेज रफ्तार ट्रक ने ली युवक की जान, पत्नी गम्भीर

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



नगर के रामपायली मार्ग पर स्थित टेलीफोन एक्सचेंज चौक पर सोमवार दोपहर में हुई दर्दनाक सडक़ दुर्घटना में अपनी पत्नि के साथ बाइक से सरकारी कार्य से तहसील कार्यालय वारासिवनी आ रहे 50 वर्षीय युवक की ट्रक की चपेट में आने से मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि उसकी पत्नि घटना में गम्भीर रूप से घायल हो गई, जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय बालाघाट भेज दिया गया है। घटना के बाद ट्रक चालक मौके से ट्रक लेकर फरार हो गया हैं, जिसकी पुलिस तलाश कर रही है।

### टेलीफोन एक्सचेंज के सामने ट्रक ने मारी टक्कर

घटना के सम्बंध में प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बाइक सवार व्यक्ति कालेज की ओर से वारासिवनी की ओर आ रहा था और टेलीफोन एक्सचेंज के सामने पहुँचा था कि पीछे से आ रहे ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। जिससे बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई और बाइक सवार युवक का सिर ट्रक के पहिए के नीचे आ गया, जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं इस घटना में बाइक में पीछे बैठी उसकी पत्नी गम्भीर रूप से घायल हो गई, जिसे स्थानीय लोगों द्वारा पुलिस को सूचना देकर तत्काल सिविल अस्पताल वारासिवनी लाया गया। जहाँ घायल महिला का प्राथमिक उपचार करने के बाद उसकी गम्भीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल बालाघाट भेज दिया गया है।

### बहन जवॉई थे, गोंदिया से तहसील कार्यालय आ रहे थे ...

घटना के सम्बंध में कनकी लालबर्रा निवासी निशांत बिसेन ने बताया कि मृतक राजेश राजू टेम्भरे 50 वर्ष उनकी छोटी बहन ममता के पति थे, जो गोंदिया महाराष्ट्र के रापेवाड़ा (कोलीवाड़ा) के रहने वाले थे, जो वारासिवनी के तहसील कार्यालय में आवश्यक कार्य से अपनी पत्नी ममता टेम्भरे के साथ आ रहे थे, इसी दौरान दुर्घटना घटित हो गई।

## स्वच्छता अभियान के जनक राष्टसंत गाडगे बाबा : डॉ.चरनदास ढेंगरे

### बुद्धिस्ट सोसा.किरनापुर का पुनर्गठन सम्पन्न,दुरेन्द्र सावनकर अध्यक्ष,विनय चौरे महासचिव मनोनित

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



राष्ट्रसंत गाडगे बाबा, त्यागमूर्ति माता रमाई आंबेडकर जयंती के अवसर पर दि बुद्धिस्ट सोसा.आफ इंडिया तहसील किरनापुर जिला बालाघाट पुनर्गठन(निर्वाचन) मुख्यालय के परिवर्तन मिशन स्कूल सोनपुरी में लगभग 25 ग्राम शाखाओं, किरनापुर मुख्यालय में कल दिनांक 23 फरवरी को गरिमामयी माहौल में सम्पन्न हुई। इस समारोह के मुख्य अतिथि संस्था के प्रदेश अध्यक्ष डा.चरनदास ढेंगरे म.प्र. थे,अध्यक्षता आनंद वैध जिला संघठक द्वारा की गई। प्रमुख अतिथियों में प्रदेश उपाध्यक्ष हेमलता डोंगरे, प्रदेश सचिव कार्य.राजकपुर कामडे, जिला उपाध्यक्ष देवानंद रंगारे, जिला संघठक बी.एल घल्लेकर, वारासिवनी तहसील अध्यक्ष आर.डी.बंसोड, महासचिव अभिराज मेश्राम, उपाध्यक्ष धमेन्द्र घोडेस्वार, वरिष्ठ सहयोगी योगराज वानखेडे, शीतल खोब्रागढे नगर महासचिव बालाघाट थे। पूजा वंदना एवं अतिथियों के स्वागत के बाद सभी ने गाडगे बाबा, माता रमाई एवं संघठन के उद्देश्य कार्यप्रणाली पर विस्तृत प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि डॉ ढेंगरे जी ने अपने उदबोधन में बताया कि राष्टसंत गाडगे बाबा स्वच्छता अभियान के जनक है,वे जहां भी जाते लोगों को सफाई का महत्व बताकर किर्तनो के माध्यम से समाज को पाखंड अंधविश्वास से दूर रहने की प्रेरणा देते थे। पूनर्गठन के विषय में उन्होने कहा कि गांव-गांव धम्म संस्था की शाखाओं का गठन कर समाज के अंतिम सदस्य के पास महापुरूषो के संदेश पहुंचाकर सभी का जीवन मंगलमय हो यही संस्था के प्रमुख उद्देश्यों में से एक है। अंत में शाखा को बर्खास्त कर नवीन शाखा की घोषणा की, पुनर्गठन में तहसील अध्यक्ष हेतु दूसरी बार दुरेन्द्र सावनकर की नियुक्ति की। महासचिव विनय चौरे, कोषाध्यक्ष गौतम भिमटे, उपाध्यक्ष हरिचंद गौरकर, अशोक रामटेके, सरोज ताई भिमटे, रमाशंकर हिरकने, सचिव हंसराज वाहने, बी.आर.रामटेके, संगीता नागवंशी, ज्योति रामटेके, कपिल वानखेडे, विकास सुर्यवंशी, प्रियंका हुमनेकर, लकेश वैध, कार्यालय सचिव गजानंद मोहबे, लेखा परीक्षक कमलकीर्ति अग्रेकर, संघठक गोरखनाथ चौरे, सुरेन्द्र डहाटे, महेश बारेकर, भीमदास नागवंशी, सदस्य सुरेन्द्र उके, अशोक वैध, सुनीता खोब्रागढे, राजेन्द्र वासनिक, नवीन कावडे आदि की नियुक्तियां की गई। अंत में शाखा द्धारा डा.चरनदास ढेंगरे जी को डाक्टरेट उपाधी मिलने पर उनका अभिनंदन किया गया। उक्त जानकारी आनंद वैध जिला संघठक द्धारा दी गई। वारासिवनी तहसील के महसचिव अभिराज मेश्राम ने आगामी मई माह में श्रीलंका टूर का आयोजन होगा उसकी जानकारी दी गई।